फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 51, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 19 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# खालिस्तान समर्थक अमृतपाल गिरफ्तार

## मोहाली में तलवारें लेकर सड़क पर उतरे निहंग, पंजाब में इंटरनेट बंद; मुक्तसर-फाजिल्का में धारा 144, 9 साथी भी पकड़े

**अमृतसरः** खालिस्तान समर्थक अमृतपाल और उसके 9 साथियों को पंजाब पुलिस ने शनिवार को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारियां अजनाला थाने पर हमले से जुड़े केस में की गईं। अमृतपाल के 6 साथियों को शनिवार दोपहर जालंधर से मोगा की तरफ जाते समय पकड़ा गया। यहां पंजाब पुलिस के घेरा डालते ही अमृतपाल खुद गाड़ी में बैठकर भाग निकला। पुलिस की करीब 100 गाड़ियों ने लगभग डेढ़ घंटा पीछा करने के बाद उसे जालंधर के नकोदर एरिया से दबोच लिया। हालांकि उसकी गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई। 2 लोगों को अमृतसर और एक को मोगा में उसके खेतों से गिरफ्तार किया गया। इस बीच माहौल बिगड़ने की आशंका के चलते पंजाब में 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। राज्य में रविवार दोपहर 12 बजे तक मोबाइल इंटरनेट और बल्क स्टर सेवाएं बंद रहेगी। राज्य के फाजिल्का और मुक्तसर जिले में धारा 144 लगा दी गई। उधर अमृतपाल की गिरफ्तारी के विरोध में मोहाली में प्रदर्शन शुरू हो गया। यहां चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर लगे इंसाफ मोर्चा में मौजूद लगभग 150 निहंग नंगी तलवारें और डंडे लेकर सड़क पर उतर आए।

**मोहाली में निहंगों ने एयरपोर्ट रोड जाम कीः** उधर अमृतपाल की गिरफ्तारी के विरोध में मोहाली में प्रदर्शन शुरू हो गया। यहां चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर लगे इंसाफ मोर्चा में मौजूद लगभग 150 निहंग हाथों में नंगी तलवारें और डंडे लेकर सड़क पर उतर आए। यह लोग अमृतपाल को रिहा करने के लिए नारेबाजी करते हुए चंडीगढ़ की तरफ बढ़ने लगे और रोके जाने पर एयरपोर्ट रोड जाम कर दी। पंजाब पुलिस के जवानों ने इनके चारों तरफ घेरा डाल लिया। चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर इसी



इंसाफ मोर्चे में शामिल निहंगों और पुलिस के बीच 8 फरवरी 2023 को हिंसक झड़प हो गई थी जिसमें कई पुलिसवाले घायल हो गए थे।

**जालंधर-मोगा पुलिस का जॉइंट ऑपरेशन**

खालिस्तान समर्थक संगठन 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल के खिलाफ 3 केस दर्ज हैं जिनमें से दो मामले अमृतसर जिले के अजनाला थाने में हैं। अपने एक करीबी की गिरफ्तारी से नाराज होकर अमृतपाल ने 23 फरवरी को समर्थकों के साथ मिलकर अजनाला थाने पर हमला कर दिया था। इस केस में उस पर कार्रवाई नहीं होने के चलते पंजाब पुलिस की काफी आलोचना हो रही थी। शनिवार को अमृतपाल ने जालंधर-मोगा नेशनल हाईवे पर शाहकोट-मलसियां इलाके और बठिंडा जिले के रामपुरा फूल में कार्यक्रम रखे ।

### अमृतपाल के 6 साथियों से कई हथियार मिले

पुलिस को गिरफ्तार किए गए अमृतपाल के 6 साथियों से कई हथियार मिले हैं। इन्हें जालंधर के मैहतपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। अमृतपाल का कार में बैठकर भागते हुए का एक वीडियो भी सामने आया।

इसमें अमृतपाल गाड़ी की अगली सीट पर बैठा नजर आ रहा है और अपने समर्थकों से इकट्ठा होने की अपील कर रहा है। गाड़ी में मौजूद अमृतपाल के समर्थक यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि पुलिस उनके पीछे लगी है।

## 'भारत में समग्र विकास का माध्यम बन रहा 'श्री अन्न'

**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन का उद्घाटन करने शनिवार को पूसा पहुंचे। यहां उन्होंने कैंपस में लगे विभिन्न स्टॉल का ऑडियो विजुअल भी देखा। इसके बाद पीएम मोदी ने डाक टिकट और इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर 2023 के आधिकारिक सिक्के का भी अनावरण करने के बाद जनसभा को संबोधित भी किया। प्रधानमंत्री के साथ इस सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, मनसुख मांडविया और पीयूष गोयल भी मौजूद रहे।

**पीएम मोदी ने किया मार्गदर्शनः**




कृषि मंत्री तोमर ने कहा कि आज मिलेट्स का शुभारंभ उत्सव है। मिलेट्स विषय को लेकर जब भी कोई सवाल आया तो पीएम मोदी ने बहुत ही उत्साह से हम सब लोगों का मार्गदर्शन किया और उसी के परिणामस्वरूप ये कार्यक्रम ऊंचाई पर पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स ईयर घोषित करने के परिणामस्वरूप श्री अन्न की घरेलू और वैश्विक मांग में वृद्धि हुई है।

**"मोटे अनाज को फ्री अन्न की पहचान दी गई है"**: पीएम मोदी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मोटे अनाज को फ्री अन्न की पहचान दी गई है। यह केवल खेती खाने तक सीमित नहीं है। जो लोग भारत की परंपराओं से परिचित हैं, वे यह भी जानते हैं कि किसी के आगे 'श्री' ऐसे ही नहीं जुड़ता है, जहां 'श्री' होती है, वहां 'समृद्धि' भी होती है, 'समग्रता' भी होती है।

**पीएम मोदी ने समझाया 'श्री अन्न' का मतलबः** प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री अन्न भारत में समग्र विकास का माध्यम बन रहा है। इसमें गांव भी जुड़ा है, गरीब भी जुड़ा है। श्री अन्न यानी यानी देश के छोटे किसानों के समृद्धि का द्वार, श्री अन्न यानी देश के करोड़ों लोगों के पोषण का कर्णधार, श्री अन्न यानी देश के आदिवासी समाज का सत्कार।

## मोदी-हसीना ने भारत-बांग्लादेश फ्रेंडशिप पाइपलाइन का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शनिवार को भारत-बांग्लादेश फ्रेंडशिप पाइपलाइन का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इस परियोजना से लाभान्वित होने वाले समस्त लोगों को बधाइयां दीं।

**बांग्लादेश के साथ नए अध्याय की हुई शुरूआतः** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत-बांग्लादेश संबंधों में आज एक नए अध्याय की शुरूआत हुई है। इस भारत-




बांग्लादेश फ्रेंडशिप पाइपलाइन परियोजना की नींव हमने सितंबर 2018 में रखी थी। मुझे खुशी है कि आज प्रधानमंत्री शेख हसीना जी के साथ उद्घाटन करने का समय आ गया।

## 'प्रशासनिक कार्यों के चलते जजों को करना पड़ेगा आलोचना का सामना'

**नई दिल्लीः** केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने शनिवार को कहा अगर न्यायाधीश प्रशासनिक नियुक्तियों का हिस्सा बनते हैं तो न्यायिक कार्य कौन करेगा। उन्होंने कार्यपालिका और न्यायपालिका सहित विभिन्न संस्थानों को निर्देशित करने वाली संवैधानिक 'लक्ष्मण रेखा' का भी जिक्र किया। केंद्रीय मंत्री ने अदालत द्वारा सरकार को मुख्य चुनाव आयुक्त (उएउ) और चुनाव आयुक्तों का चयन करने के लिए प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश ।

## लद्दाख में चीन के साथ स्थिति बेहद नाजुक और खतरनाकः जयशंकर

**नई दिल्लीः भारतीय** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लद्दाख के पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में भारत और चीन के बीच स्थिति नाजुक और खतरनाक है। कुछ हिस्सों में सैन्य बल एक-दूसरे के बहुत करीब तैनात हैं। 2020 के मध्य में क्षेत्र में दोनों पक्षों के संघर्ष में 24 सैनिक मारे गए थे, लेकिन कूटनीतिक और सैन्य वार्ता के दौर के माध्यम से स्थिति को शांत कर दिया गया था। दिसंबर में दोनों देशों के बीच अचिह्नित सीमा के पूर्वी क्षेत्र में हिंसा भड़क उठी थी, लेकिन किसी की मौत नहीं हुई।

**"स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है"**: जयशंकर ने कहा, "मेरे दिमाग में स्थिति अभी भी बहुत नाजुक बनी हुई है, क्योंकि ऐसी जगहें हैं, जहां हमारी तैनाती बहुत करीब है और सैन्य आकलन में काफी



खतरनाक है।" उन्होंने कहा कि भारत-चीन संबंध सामान्य नहीं हो सकते, जब तक कि सितंबर 2020 में अपने चीनी समकक्ष के साथ हुए सैद्धांतिक समझौते के अनुसार सीमा विवाद का समाधान नहीं हो जाता।

**'अनसुलझे बिंदुओं पर चर्चा जारी'**: जयशंकर ने कहा, हालांकि दोनों पक्षों की सेनाएं कई क्षेत्रों से हट गई हैं और अनसुलझे बिंदुओं पर चर्चा जारी है। उन्होंने कहा, "हमने चीनियों को यह बहुत स्पष्ट कर दिया है कि हम शांति भंग नहीं कर सकते। आप समझौते का उल्लंघन नहीं कर सकते हैं।"

**चीन के विदेश मंत्री के साथ चर्चाः** जयशंकर ने कहा कि उन्होंने इस महीने भारत द्वारा आयोजित जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर चीन के नए विदेश मंत्री किन गैंग के साथ स्थिति पर चर्चा की। इस साल जी20 में भारत की अध्यक्षता के बारे में, जयशंकर ने उम्मीद जताई कि नई दिल्ली फोरम को 'वैश्विक जनादेश के लिए और अधिक सच' बना सकता है। जयशंकर ने कहा, "जी20 को केवल वैश्विक उत्तर का एक बहस क्लब या एक क्षेत्र नहीं होना चाहिए। वैश्विक चिंताओं की संपूर्णता पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

## व्यापारियों के हितों की रक्षा करना जिम्मेदारी : राजनाथ सिंह



**लखनऊः** केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को ऐशबाग रामलीला मैदान में आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। हमारी सरकार यह मानती है कि इस देश और प्रदेश में कारोबार की दृष्टि से सबसे ज्यादा भागीदारी छोटे और मझोले व्यापारियों की है। व्यापारी भाइयों के बीच मैं यह कहना चाहता हूँ कि आप सभी के विकास के लिए भी हमारी सरकार प्रतिबद्ध हैं। होली मिलन समारोह लखनऊ उद्योग व्यापार मंडल की ओर से आयोजित किया गया था। राजनाथ सिंह ने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों को राहत दी गई है। इसी तरह सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग (एमएसएमइ) और छोटे व्यापारियों के लिए ऋण पर ब्याज में एक प्रतिशत की छूट और तीन करोड़ रुपये के कारोबार वाले एमएसएमइ को टैक्स में राहत देने का निर्णय लिए गया है। रक्षामंत्री ने कहा कि भारत त्योहारों का देश है। हम उत्सवप्रिय लोग हैं। हर पखवाड़े एक त्योहार पड़ ही जाता है जो एक नई ऊर्जा का संचार कर जाता है। हमारे यहाँ मनाए जाने वाले त्योहार आपसी स्नेह और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देते है। प्रेमपूर्वक और सद्भाव के साथ रहने के लिए प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों और मिठाइयों का उत्सव नहीं है। यह राधा और कृष्ण के दिव्य प्रेम की कहानी है। यह विष्णु अवतार नरसिंह, विष्णु भक्त प्रह्लाद और अहम के प्रतीक हिरण्यकश्यप की भी याद दिलाती है।

## दूध उत्पादन में भारत सबसे आगेः शाह

**अहमदाबादः** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गांधीनगर में डेयरी उद्योग के 49वें सम्मेलन में शिरकत की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि आजादी के बाद भारत का दूध उत्पादन 10 गुना बढ़ा है। शाह शनिवार से गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वे वहां अलग-अलग पब्लिक इवेंट में शामिल होंगे। अमित शाह ने कहा कि 1970 में 6 करोड़ लीटर प्रतिदिन दूध के उत्पादन के साथ भारत दूध की कमी वाला देश था, लेकिन आज 58 करोड़ लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादन कर दुनिया में सबसे अधिक दूध का उत्पादन कर रहा है। देश का जनसंख्या 4 गुना बढ़ी, लेकिन हमारे किसानों ने दूध के उत्पादन को 10 गुना बढ़ा दिया। अमित शाह ने कहा कि 2022 में दूध का उत्पादन 58 करोड़ लीटर प्रतिदिन हो गया है, जो 1970 से लेकर अब तक सबसे ज्यादा है।

**दूध उत्पादन में भारत सबसे आगेः** शाह के मुताबिक, हमारी दूध की प्रोसेसिंग कैपेसिटी लगभग 126 मिलियन लीटर प्रति दिन है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि डेयरी सेक्टर ने भी देश के विकास के लिए काम किया है।

### बिहार में खेत से लेकर सड़क तक बिछी ओलों की परत

## वर्षा और ओलावृष्टि से कई राज्यों में फसलों को नुकसान

**नई दिल्ली**। उत्तर भारत में मौसम ने एकाएक करवट बदली और कई राज्यों में तेज आंधी के साथ वर्षा ने किसानों के लिए परेशानी बढ़ा दी। पहले जहां बढ़ते तापमान की वजह से गेहूं की नुकसान हुआ और अब वर्षा और ओलावृष्टि ने खेतों में खड़ी फसल को बिछा दिया। बिहार में रात से सुबह तक हल्की वर्षा और तेज हवा के साथ ओलावृष्टि हुई। इससे सड़क से लेकर खेतों तक ओले की मोटी परत बिछ गई। मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी में सर्वाधिक ओलावृष्टि हुई है। ऐसे में गेहूं, मक्का, दलहन और सब्जी



की फसलों को काफी क्षति हुई है। आम व लीची के बौर भी गिरे हैं। इसके अलावा यहां व्रजपात से एक की मौत भी हुई है।

**ओलावृष्टि की सर्वाधिक मार शिवहर में पड़ीः** वहीं, उत्तर प्रदेश और पंजाब के भी कई जिलों में सरसों और गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। आलू की फसल को भी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। बिहार में ओलावृष्टि की सर्वाधिक मार शिवहर में पड़ी है।

**उप्र में आंधी-पानी से मुरझाएं किसानों के चेहरेः** कानपुर में तेज हवा और बूंदाबांदी के बाद शुक्रवार सुबह कई जिलों में आंधी-पानी से किसानों के चेहरे मुरझा गए हैं। किसान सरसों की कटाई और आलू की खोदाई कर रहे हैं। अचानक आंधी-पानी से किसान खेत पर खुदे पड़े आलू के ढेर को तिरपाल से ढक रहे हैं।

### महिला प्रशिक्षु के साथ इंस्ट्रक्टर की मौत

## बालाघाट में ट्रेनर चार्टर विमान दुर्घटनाग्रस्त

**बालाघाटः बालाघाट** के किरनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम भक्कूटोला के घने जंगल में विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इस हादसे में दो पायलटों की मौत हो गई, जिनमें से एक महिला प्रशिक्षु पायलट, जबकि दूसरा इंस्ट्रक्टर बताया जा रहा है।

**तलाशा जा रहा पायलट का शवः** विमान हादसे में मारे गए दो पायलटों में से एक का शव बरामद हो गया है, जबकि दूसरे पायलट के शव को तलाशा जा रहा है। घटना स्थल से आए वीडियो फुटेज में मलबे में एक व्यक्ति का शव दिखाई दे रहा है। हालांकि, यह हादसा किस वजह से हुआ अभी इसकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिली है। अतिरिक्त




पुलिस अधीक्षक (नक्सल) आदित्य मिश्रा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली है कि किरनापुर के भक्कूटोला में ट्रेनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। पुलिस बल मौके के लिए रवाना हो गए।

**फ्लाई स्कूल का है ट्रेनर चार्टर विमानः** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दुर्घटनाग्रस्त प्लेन पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में संचालित फ्लाई स्कूल का है, जिसके ट्रेनर चार्टर विमान में ये हादसा हुआ है। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लगी है। साथ ही मौके पर पुलिस अधिकारियों व टीम द्वारा जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 20 मार्च दिन सोमवार को किरनापुर से लगे लांजी तहसील में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लाड़ली बहना योजना के कार्यक्रम में शामिल होने बालाघाट पहुंच रहे हैं।

## जदयू खाली डिब्बा बनकर रह गई हैः उपेंद्र

**औरंगाबादः** रालोजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा विरासत बचाओ नमन यात्रा के दौरान शनिवार को औरंगाबाद जिले के दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय एवं गोह पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास बचा क्या है जो हम अब उसमें हिस्सा लेंगे। जदयू खाली डिब्बा बनकर रह गई है। नीतीश ने जदयू को राजद का बंधक बना दिया है, लेकिन बिहार को बंधक किसी भी हाल में नहीं बनने देंगे। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता 2005



से पहले की स्थिति में नहीं जाना चाहती है। इसलिए इसे बचाना है। उन्होंने कहा कि जो राजनीतिक कमाई नीतीश कुमार ने की थी, उसे तेजस्वी यादव और राजद के हाथों सौंपकर पार्टी को बर्बाद किया है। जनता को संकट में डाल रहे हैं। ऐसा कतई होने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता उनके खिलाफ है ।

## खबर संक्षेप

### बंदी के दिन खुली रही दुकानें

**श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने कई दुकानों पर पहुंच कर दुकानें बंद किए जाने की चेतावनियां दी**

**कोराव।** कोरांव नगर पंचायत में बंदी का दिन शनिवार को भारी संख्या में दुकानें खुली रहने की समाधान दिवस कोराव में शिकायत की गई। जिसपर श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रकाश शंखवार ने कई दुकानों का अचानक निरीक्षण किया और चेतावनी दी की यदि भविष्य में दुकानें बंदी के दिन खुली मिली तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने ई ओ नगर पंचायत कोराय से भी सहयोग लेने और एलाउंस कराकर चेतावनी दिलाए जानेंकी बात कही। व्यापार मंडल कोरांव के काफी लोग इस बात से नाराज दिखे कि बंदी के दिन या तो सभी दुकानें बंद हो या सभी की खोलने की छूट दी जाए। दर असल कोरांव में काफी समय से बंदी के दिन दुकानें खोल कर कानून का उल्लंघन किया जा रहा है।

# दुनिया परीक्षा की जगह है, जैसा करोगे वैसा ही भरोगे : आदम मुस्तफा

**मदरसा जामिया अरबिया अनवारूल उलूम में आयोजित वार्षिक अधिवेशन, 16 हाफिज 8 कारियों व 11 आलिमाओं का दस्तारबंदी कर प्रमाणपत्र से नवाजा गया**

अखंड भारत संदेश





**मऊआइमा।** दुनिया एक इम्तिहान की जगह है जैसा करोगे वैसा भरोगे गलत कार्यों का खमियाजा जरुर भुगतोगे। उक्त बातें मौलाना आदम मुस्तफा फिरोजाबाद ने मदरसा जामिया अरबिया अनवारूल उलूम में आयोजित साला जलसे में कही। मौलाना ने फरमाया कि दुनिया में तीन तरह के लोग रहते हैं। गरीब, मध्यम दर्जा, पूंजीपति, गरीब मजबूर रोज सुबह पेट भरने के लिए हाड तोड मेहनत करता है तो पेट भरता है, मध्यम दर्जे के लोग किसी तरह पेट पाल लेते हैं।पूंजीपति को दिन रात अपने आराम की फिक्र रहती है।और पूंजी बढाने के चक्कर में रहता है। जिसमें सबसे से बेहतर मजदूर की जिंदगी रहती है ।दुनिया में क्या हो रहा उससे कोई मतलब नहीं रहता है।अमीरों की अय्यास भरी जिंदगी से गरीब की जिंदगी सबसे बेहतर है। गरीब मजदूर कोई गलत काम सोचता नहीं है।क्योंकि उसे अपने परिवार के पेट भरने की चिंता रहती है।गरीब परीक्षा में पास हो जाएगा। जामिया अरबिया अनवारूल उलूम में आयोजित वार्षिक अधिवेशन में मौलाना इररफान देवबंद ,मौलाना हकीम उद्दीन नई दिल्ली, मौलाना अख्तर आदि ने एकत्रित जनसमूह से कहे कि नमाज, रोजा अनिवार्य है ।साथ ही गरीबों के हिस्से का जकात देना भी जरुरी है। मौलानाओं ने फरमाया कि आज कल चमक दमक जिंदगी से दूर रहो। दीनी जिंदगी की तरह अपने को ढाल लो। तुम बहुत रोजा, नमाज, जकात देते हो परन्तु यदि आपका पडोसी भूखा है तो तुम्हारी कोई अमल काम नहीं आएगी।गरीबों का हक मारना बहुत बडा पाप है। जलसे का आगाज कारी असजद अमीन कलाम पाक तथा कारी आब्दुल बातिन ने नात से शरू किए। बीच बीच में कारी इकरार देवबंद, कारी महमूद कारी शब्बीर आदि ने एकत्रित मजमे को कुरआन पाक की खूबसूरत तलावत से बांधे रखा।जलसे की अध्यक्षता मौलाना मुफ्ती अमीन,एंव संचालन मुफ्ती अखलद अमीन ने किया। इस बार मदरसा जामिया अरबिया अनवारूल उलूम से सोलह हाफिज, आठ कारी के सिर पर बगडी बांध कर प्रमाणपत्र दिया गया। तथा जामिया अरबिया अनवारूल उलूम की शाखा( निशवां कालेज ) जहां केवल लडकियों को दीनी तालीम दी जाती है।ग्यारह लडकियों को मौलवी का प्रमाण पत्र दिया गया । जलसे में उस्ताद मौलानाअमीन पालनपुरी देवबंद ने अन्तत में एकत्रित लोगों से दुआ कराया। आखिर में मौलाना मुफ्ती हबीबुर्रहमान ने आए हुए आगन्तुकों का शुक्रिया अदा किए।इस अवसर पर हाफिज अमीन ,महबूब आलम, असाद, असजद आदि सहित बडी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## न्यूज झरोखा

### प्रतापपुर क्षेत्र के 10 साधन सहकारी समितियों में 5 साधन समितियों में डायरेक्टर का चुनाव संपंन्न




**प्रतापपुर।** क्षेत्र के 10 साधन सहकारी समितियों में 5 साधन समितियों के विभिन्न गांवों डायरेक्टर पद हेतु शनिवार को चुनाव कराए गए अन्य 5 साधन सहकारी समितियों के विभिन्न गांवों में डायरेक्टर निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए। शनिवार को हुए चुनाव में साधन सहकारी समिति चौका में हरिश्चंद्र, मठोई में सोना देवी, पिलखिनी में छोटेलाल सरोज, पतवां में अशोक कुमार, जंघई प्रथम में सुभाष चन्द्र, जंघई द्वितीय में संगीता, छतौना में राजितराम, प्रतापपुर कला में बृजलाल, चनेथू में मातादीन, घोड़दौली में दिनेश, पिड़ौना में रेखा देवी, भोगवारा में संतोष कुमार, सरायहरीराम में शंकर लाल, सुल्तानपुर में विनोद कुमार, सोरों प्रथम में कलावती, सोरों द्वितीय में प्रेमचंद्र, सोरों तृतीय राम सिंह, ठटा में शिव बहादुर, मीरपुर में जीतलाल ने विजय हासिल किया। रविवार को साधन सहकारी समितियों के अध्यक्ष पद का चुनाव किया जाएगा जिसमें सभी साधन सहकारी समितियों को नव निर्वाचित सदस्य गण मतदान करेंगे।

### ट्रेन की चपेट में आने से पोस्टमैन की मौत, घर में मचा कोहराम



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव में पोस्टमैन की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची उतराव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिऐ भेज दिया है। कोतवाली हंडिया के धोकरी गांव निवासी लाल बहादुर 46 स्व दूध नाथ पोस्टमैन के पद पर कार्यरत था। परिजनो ने बताया कि बीते गुरूवार के दिन वह अपनी रिश्तेदारी उतराव के मंडौर गांव में गया था। शुक्रवार सुबह लालबहादुर का शव जगतपुर में मौजूद रेलवे की पटरी पर मिला। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना उतराव पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचीं उतराव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के पांच पुत्र कौशलेश, अखिलेश, उमेश, सूरज व नीरज है। घटना के चलते परिजनो का रोरोकर बुरा हाल है।


### भाजपा नेता के बड़े पिता जी का हुवा देहांत



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा ग्रामपंचायत बरी में समाजसेवी महेन्द्र नाथ पांडेय का दिनांक 9/03/2023 दिन गुरुवार शाम को देहांत हो गया। पांडेय जी का स्वास्थ्य बहुत दिन खराब चल रहा था। बीमारी के वजह से उनकी मृत हो गई। पांडेय जी 85 वर्ष के हो चुके थे। पांडेय जी अपने जीवन काल मे गरीब और जरूरतमंद लोगों का सदा उपकार किये। और उनका धर्म और न्याय के प्रति सदा योगदान रहा।पांडेय जी के भतीज भाजपा नेता शिवा जी पांडेय ने कहा कि बड़े पिता जी हमेशा असहाय और गरीब लोगों का मददत किये। और हम लोग भी उन्हीं के रास्ते पर चलने का कार्य करेंगे। यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मृत आत्मा के प्रति एक शोक सभा किया गया जिसमें क्षेत्र के तमाम सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (वित्तविहीन गुट) के प्रदेश व्यापी मूल्यांकन बहिष्कार का प्रयागराज में व्यापक असर

अखंड भारत संदेश



**करछना।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट प्रयागराज द्वारा अपनी मांगो मान्यता शासनादेश की वापसी सम्मानजनक मानदेय व सेवा निमावली बनाने,बकाया मूल्यांकन पारिश्रमिक भुगतान पुरानी पेंशन बहाली तदर्थ शिक्षको का विनियमितीकरण मदरसों के आधुनिक शिक्षको के केंद्राश भुगतान को लेकर किए जा रहे मूल्यांकन बहिष्कार का असर यूपी बोर्ड मुख्यालय स्थित प्रयागराज के शहर में स्थित मूल्यांकन केंद्रों पर व्यापक असर दिखाई पड़ा। जहां वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षक प्रधानाचार्य मूल्यांकन केंद्रों के लिए अपने घर से ही नहीं निकले.वही सवित्त विद्यालयों के शिक्षक उपा पोह मे फंसे रहे।शहर के दसों केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा। ज्यादातर परीक्षक मूल्यांकन कार्य से बाहर रहे।संघ के जिला इकाई की आकस्मिक बैठक में शिक्षक एवं प्रधानाचायो द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में मील रहे सहयोग को सराहनीय कदम बताया गया।संघ के जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू एव जिला मीडिया प्रभारी जेपी यादव ने शिक्षकों के सराहनीय कदम की सराहना की है। विभिन्न शिक्षक संगठनों से अपील की है कि अपनी मांगों के समर्थन में आगे आकर सरकार के काले कारनामो को उजागर करें एव सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं सब का प्रयास का ढोग रचने वाली तानाशाह सरकार के विरुद्ध आवाज उठाएं। तथा प्रदेश अध्यक्ष लाल बिहारी यादव द्वारा उठाए गए कदम का पुरजोर समर्थन करें।जनपद के समस्त प्रधानाचार्य एव शिक्षको से जनहित मे मूल्यांकन बहिष्कार जारी रखने की अपील की है जिलाध्यक्ष के अतिरिक्त अभय राज सिंह फूलचंद कनौजिया नवीन शुक्ला बुधराम यादव अमर बहादुर यादव सीता शरण सिंह गोविंद प्रसाद मूर्तियां जेपी यादव रवि करण सिंह शिव मूरत जंग बहादुर पटेल उदय राज यादव सीएल यादव कमल चंद प्रेमचंद सी पी मिश्रा अवधेश श्रीवास्तव ज्ञानेंद्र कुशवाहा शिव मोहन सिंह रामहित यादव इंद्र बहादुर कुशवाहा अमर चंद गुप्ता पटेल शैलेंद्र कुमारी मौर्या कविता यादव रमेश पाल अखिलेश तथा अनेक शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी के अथक प्रयासों के बाद दो फीडरों की लाइन चलायी गयी

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा में 33हजार की लाइन को बीच में बाधित कर देने से आपूर्ति फिर ठप ,बुनकर खून के आंसू रो रहे हैं**

**मऊआइमा।** मऊआइमा में बिजली कर्मचारियों के हडताल के दूसरे दिन बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही। पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी ने ठेकेदारों एंव अधिकारियों से मिल कर किसी तरह लाइन तो चलाई परन्तु 33 हजार लाइन को बाधित कर देने से फिर ठप हो गई। उपकेंद्रों पर पुलिस का सख्त पहरा बैठा दिया गया है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से बुनकर खून के आंसू रो रहे हैं। मऊआइमा उप केन्द्र गदाईपुर और मऊदोस्तपुर उप केन्द्रों कि बिजली आपूर्ति ठप पड गयी है। बताया गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र में सैकड़ों पावरलूम पर काम करने लाले हजारों बुनकर, मजदूरों का एक पैसे का काम न होने से वह भूखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। पावरलूम कारखानों में ताले बंद हैं। सैकड़ों ई रिक्शा का संचालन बंद हो गया है। शनिवार को नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एंव पावरलूम बुनकर एसोसिएशन के अध्यक्ष शोएब अंसारी दर्जनों बुनकरों के साथ ई ओ प्रदीप कुमार मिश्रा अन्य एस एस ओ अंकित यादव आदि अधिकारियों से सम्पर्क कर ठेकेदार राजीव शुक्ला की टीम को बुलाकर टाउन सिकेंड, बागी फीडर तो चलवा दिए। परन्तु किसी बिजली विभाग के कर्मचारी की शरारत के कारण सोरांव से मऊआइमा मऊदोस्तपुर उप केन्द्र के बीच 33 हजार की लाइन पर चैन, डाल आदि डाल देने से फिर बिजली कुछ घंटों के बाद बाधित हो गई। बताते हैं कि मऊदोस्तपुर उप केन्द्र जिससे पूरा कस्बा चलता है । दो दिनों से आपूर्ति ठप पडी हुई है। फिर भी शोएब अंसारी ठेकेदारों की मदद से मऊआइमा से सोरांव तक वाहनों से 33 हजार की तार में फाल्ट तलाश रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक फाल्ट नहीं मिला था। तलाश जारी थी।

# फ्रेशर पार्टी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रवीन एवं अर्जिता हुए चयनित

अखंड भारत संदेश



**करछना।** के सावित्री देवी महिला महाविद्यालय सोनाई के बीएड छात्र और छात्राओं का फ्रेशर कलरवपार्टी 2023 रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच शनिवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी ली। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक ज्ञान सिंह पटेल की ओर से सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में बीएड प्रथम वर्ष के छात्र व छात्राओं की ओर से अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां हुई। जिसमें मिस्टर फ्रेशर के रूप में प्रवीन सिंह एवं मिस फ्रेशर के रूप में अर्जिता श्रीवास्तव का चयन किया गया। इन दोनों प्रतिभागियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ समीर श्रीवास्तव की ओर से क्रॉउन एवं मेडल प्रदान कर पुरस्कृत व सम्मानित किया गया । बीएड प्रशिक्षणार्थियों में रमेश पटेल पीयूष सिंह लवकुश सिंह पंचराज विश्वकर्मा आकांक्षा सिंह विकास बैरागी रणधीर पटेल राजित यादव आदि ने कार्यक्रमों में प्रतिभाग करके खूब धमाल मचाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ समीर श्रीवास्तव ने कहा कि एक योग्य शिक्षक बनने के लिए अपने अंदर कौशलों का विकास करना आवश्यक है। प्रबंधक ज्ञान सिंह पटेल ने शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि शिक्षा का अधिकतम प्रचार -प्रसार करना चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन रमेश पटेल ने किया। और कार्यक्रम का संचालन विकास एवं आकांक्षा ने किया। इस मौके पर डॉ आसमानंद सिंह डॉ अजय सिंह प्रकाश सिंह विकास सिंह हृदयनारायण सुधा तिवारी विनोद श्रीवास्तव चंद्रकांत श्रीवास्तव संदीप पटेल रवि सिंह चंद्रशेखर सिंह सृजल चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

### पिलखुआ में आयोजित किया गया राष्ट्रपति अभिभाषण पर चर्चा

**मऊआइमा।** संगठन के निदेर्शानुसार मऊआइमा नगर मंडल के पिलखुआं में कार्यक्रम राष्ट्रपति अभिभाषण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मंडल प्रवासी प्रभा शंकर पांडेय ने विस्तार से चर्चा करते हुए कहा बूथ समिति व पन्ना प्रमुख बनाकर संगठन के निदेर्शो के पालन पर जोर दिया गया। और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी लोगों एक साथ लेकर चलना हम सब का मूल कर्तव्य है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष व निदेशक भूमि विकास बैंक रामपलट पटेल, मंडल अध्यक्ष शारदा प्रसाद शुक्ला, जय प्रकाश नारायण पटेल, सलोने, मिठाई लाल, दिवाकर मिश्रा, राम कैलाश पटेल, अभय राज सिंह, कालीचरण, संजय, सहदेव , जगत विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र पासी, कल्पना आदि मौजूद थे।

# अपना भारत ये रंगों से रंगा रहे दीप से जो लुटता पतंगा रहे : जितेन्द्र जलज

अखंड भारत संदेश

**नामचीन कवियों की रचनाओं पर खूब लगे ठहाके, जय भवानी सेवा संघ की ओर से आयोजित हुआ होली मिलन समारोह हुआ कवि सम्मेलन**



**रत्योरा।** कोरांव क्षेत्र के बचपन पब्लिक स्कूल तरांव के प्रांगण में जय भवानी सेवा संघ की ओर से होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ। होली मिलन समारोह में दूरदराज से आए नामचीन कवियों ने अपनी काव्य रचनाओं से उपस्थित लोगों को खूब गुदगुदाया। कवि सम्मेलन की शुरूआत हास्य व्यंग के मशहूर कवि अशोक बेशरम ने हनुमान बंदना तो जितेंद्र जलज ने वाड़ी बंदना से शुरूआत करते हुए जितेंद्र जलज की रचना अपना भारत यह रंगों से रंगा रहे दीप से जो लुटता पतंगा रहे पूरे पांडाल में उपस्थित लोगों को तिरंगे के रंग से सराबोर कर दिया। जलज के इस रचना पर लोगों ने खूब तालियां बजाई। इसी प्रकार संतोष शुक्ल समर्थ ने बड़े बुजुर्गों का अदब व सम्मान करते हुए हजारों गम छुपाकर हमेशा मुस्कुराते हैं, बड़े मायूस हैं जो खाली हाथ हैं कि लाइने पेश कर खूब वाहवाही लूटी। मशहूर व्यंग्यकार धनंजय शास्वत ने अपने व्यंग के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं बुराइयों पर प्रकाश डाला और शासन प्रशासन के कमियों को भी अपने व्यंग्यात्मक रचनाओं से उजागर किया। राजकुमार अनजाना ने अपने हास्य व व्यंग की रचनाओं से लोगों को खूब हंसाया। ओज कवि बबलू सिंह बहियारी ने राष्ट्र प्रेम व देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं पेश कर लोगों में देशभक्ति के रक्त का संचार किया। युवा गजल कार कृष्णा कांत कामिल ने अपनी रचनाओं से लोगों की खूब तालियां लूटी। कवि विमलेश पांडेय मुन्ना मासूम ने भी अपनी रचनाओं से उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया। कवि सम्मेलन का संचालन हास्य व्यंग के मशहूर कवि अशोक बेशरम ने किया। इस दौरान पूर्व प्रधानाचार्य डॉ ओंकार नाथ सिंह, जीत बहादुर सिंह, गिरधर गोपाल सिंह, धनंजय सिंह, नागेंद्र प्रताप सिंह, प्रेम शंकर सिंह ने आए हुए सभी कवियों को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। होली मिलन समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर हिंदू नव वर्ष व होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह कृष्ण भैया, डॉक्टर अनिल पांडेय, दिनेश सिंह, राजनीति सिंह, सुनील सिंह, बाबा सिंह, अजय सिंह, समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य लोग एवं श्रोता मौजूद रहे।

# पतवां भागवत कथा में देवाचार्य महाराज ने बताया गोवर्धन पूजा का महत्व

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** पतवां, जंघई गांव में दिनेश कुमार पांडेय पूर्व निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार एवं विमला पांडेय मुख्य यजमान के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में शनिवार को गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाललीलाओं का प्रसंग महाराज ने सुनाया। कथा वाचक राधामोहन शरण देवाचार्य महाराज से भगवान के नामकरण और पूतना वध के साथ माखनचोरी की लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। महाराज ने कहा कि भगवान ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार किया, वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। कथा के दौरान भगवान गिरिराज पर्वत को उठाते हुए सुंदर झांकी सजाई गई इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु देर तक नाचते रहे। महाराज ने बताया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रजमंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ इस मौके पर गोवर्धन लीला की झांकी भी सजाई गई। कथा के दौरान गोवर्धन पूजन का उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। संगीतमय कथा के दौरान भजनों पर पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भजनों पर नाचते रहे।कथा के पश्चात आरती प्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर परिजनों में अजय पांडेय, जूही पांडेय, मनोज कुमार पांडेय, मधु पांडेय, राहुल कुमार पांडेय, मनीषा, सचिन पांडेय, श्रद्धा पांडेय, अर्जुन एवं श्रोताओं में दयाशंकर पांडेय, लल्लन मिश्र, विजय नाथ तिवारी, प्रभाकर पांडेय, शेषमणि पांडेय, राहुल पांडेय, अशोक कुमार द्विवेदी, रमेश कुमार तिवारी, लालजी तिवारी, अनिल पांडेय, हृदयनाथ मिश्र, राहुल दुबे, सत्यम तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### उरुवा के सभी मान्यता व सहायता प्राप्त विद्यालय भरे अपना यू डायस

**मेजा।** विकास खंड उरुवा के सभी मान्यता प्राप्त/सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य अपने-अपने विद्यालय के यू डायस 2022-23 का डीसीएफ भरने हेतु आपके विद्यालय को आई.डी. पासवर्ड बहुत दिनों पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय उरुवा से उपलब्ध करा चुका गया है और कई बार निर्देश देने के बाद भी आपके द्वारा स्कूल प्रोफाइल, टीचर्स प्रोफाइल, स्टूडेंट्स प्रोफाइल पूर्ण रूप से अभी तक नही कराया गया है। जो आपके विद्यालय को प्रदत्त मान्यता की शर्तों व विभागीय निर्देशों का उलंघन है। अतः अनुरोध के साथ निर्देश है किया जाता है कि दो दिवस के अंदर उरुवा ब्लॉक के सभी विद्यालयों के यू डायस संबंधित फीडिंग पूर्ण करा लें।

# बूथ को मजबूत करने को लेकर अपना दल कमेरा वादी ने समीक्षा बैठक कर बनाई रणनीति



**घूरपुर।** बूथ स्तर तक मजबूत करने को लेकर अपना दल कमेरावादी ने अभी से ही कमर कसना शुरू कर दी है। शनिवार को मंगलम गेस्ट हाउस घूरपुर में समीक्षा बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने किया।कार्यक्रम का प्रारंभ बोधिसत्व डॉक्टर सोने लाल पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया तथा आए हुए अतिथियों को माला पहना कर उनका स्वागत किया ।कार्यक्रम की समीक्षा प्रदेश अध्यक्ष विधि मंच राम शिला पटेल ने किया तथा कार्यकताओं की उपस्थिति एवं दल की रीति नीति पर प्रकाश डाला एवं निष्क्रिय कार्यकताओं की जगह नए पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया ।राष्ट्रीय प्रभारी अधिवक्ता दिलीप पटेल ने दल की नीतियों को बताते हुए बताया कि दल का मूल सिद्धांत कमेरा बनाम लुटेरा है तथा आज की परिस्थिति में जो राजनीति की है। उससे पुनः पुरानी व्यवस्था लागू कर जाति आधारित भेद भाव पैदा कर समाज को गुलाम बनाने की साजिश की जा रही है। श्री पटेल ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष पूरा होने पर भी किसान की हैसियत खुद भोजन कर एवं करा लेने की नही है। आज भी लोगो को भोजन के लिए सरकार के उपर निर्भर रहना पड़ रहा है ।प्रदेश सचिव उमेश पटेल ने कहा कि आने वाले 2024 के चुनाव के हिसाब से तैयारी के लिए कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें तथा संगठन को जहा भी जिन लोगो की जरूरत हो बताए । हम लोग सहयोग के लिए तैयार है। बौद्धिक मंच प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य इंजीनियर अनिल पटेल ने बताया कि हमारी मुख्य माग जातीय जनगणना है । जिसके लिए धरना प्रदर्शन एवं जन सभा के माध्यम से सरकार को चेताया जा रहा है परंतु सरकार उस दिशा में कोई प्रयास नहीं कर रही है । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अभय राज पटेल, राजेश कोटरी, सुभाष, राम सागर, शिव बहादुर, लाल बहादुर (प्रेम), ओम प्रकाश सिंह, राम बाबू पटेल जिला मिडिया प्रभारी , राज बहादुर, सचिन कुमार दिवाकर, राज कमल, बलवंत सिंह, देव चंद्र पटेल, जगलाल सुमन, बृज लाल पासी, बृजेश कुमार, अबमंत सिंह, कुलदीप कुमार, रंजीत कुमार, पुस्पा देवी, सुनीता देवी, राज विश्वकर्मा, राजेश खन्ना, शिव प्रजापति, नारायण सोनकर, नन्दलाल पटेल ,राजू बिंद, नयन सरोज, सीता देवी, बननी देवी, अनीता पटेल, रेखा प्रजापति सहित दर्जनों कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जमुनपार अधिवक्ता रमेश पटेल तथा संचालन विधान सभा अध्यक्ष देव चंद्र पटेल ने किया।







# इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में छात्र और पुलिस के बीच हाथापाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के साइंस फैकल्टी का मुख्य द्वार ईंट से चुनाई कर पूरी तरह से बंद कर दिया गया। जहां छात्रों ने विश्व विद्यालय प्रशासन द्वारा बनवाए जा रहे दीवार का जमकर विरोध किया। इस बीच तैनात भारी पुलिस फोर्स और छात्रों के बीच हाथापाई भी हुई। जिसमें पुलिस ने छात्र नेता हरेन्द्र यादव, अनुराग यादव, जितेन्द्र धनराज, अजय पांडेय बागी, विकाश यादव, इंद्रजीत मौर्य, रवि सिंह रिंकू को गिरफ्तार किया। हालांकि कुछ देर बाद पुलिस ने छात्रों को छोड़ भी दिया।वहीं छात्र नेता आकाश भदौरिया और सत्यम कुशवाहा ने पुलिस के ऊपर मारने पीटने और उनसे बर्बता करने का आरोप लगाया है। इसके अलावा छात्र नेता सत्यम कुशवाहा भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। 24 फरवरी को हुए उमेश पाल हत्याकांड का मुख्य साजिश कर्ता सदाकत खान की मुस्लिम हॉस्टल से गिरफ्तारी के बाद विश्व विद्यालय प्रशासन ने दो अहम फैसले लिए, जिसमें सबसे पहले 6 मार्च को मुस्लिम हॉस्टल को पूरी तरह से सीज कर दिया और दूसरा फैसला इलाहाबाद विश्वविद्यालय के साइंस फैकल्टी का मेन गेट पर पक्की दीवार उठाकर बंद करा दिया।वहीं छात्रों का कहना है कि यह साइंस फैकल्टी का मेन गेट था जिससे प्रतिदिन हजारों छात्र/छात्राएं आसानी से आया जाया करते थे। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस दीवार को उठाकर छात्रों को परेशान करने का काम किया है। जब तक हमारी सुनवाई नहीं होगी हम भूख हड़ताल पर रहेंगे।छात्र नेता आकाश भदोरिया ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय का एक बहुत ही मुख्य और अभिन्न अंग विज्ञान संकाय है और इसका बहुत ही स्वर्णिम इतिहास रहा है। जैसे ही हम लोग उस दीवार को हटाकर आते हैं शाम को 3:00 बजे देखते हैं इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन भारी पुलिस बल के साथ जाता है वहां पर दीवार उठाने का काम चालू करता है। मुख्य द्वार को सील करने का काम करता है। हम लोगों को जैसे ही पता चलता है वैसे ही वहां पर जाते हैं।आगे कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन के आदेश के अनुसार जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने बर्बरता पूर्वक निर्दयी तरीके से छात्रों को जेल भेजा और मेरे सीने पर घूंसे से वार किया। जब तक इस गेट से मैं बाहर नहीं जाऊंगा तब तक कुछ नहीं खाऊंगा न पियूंगा। छात्र नेता सत्यम कुशवाहा ने कहा कि देखिए एक तरफ दमन की ताकत है एक तरफ सत्याग्रह की ताकत है। दमन कारियों ने छात्रों का रास्ता रोकने के लिए गेट पर दीवार खड़ी कर दिया और दूसरी तरफ हम लोग छात्र हैं जो सत्याग्रह की ताकत से लड़ाई लड़ने जा रहे हैं। अभी शाम के 6:14 बजे है और जब तक इस गेट से मैं बाहर नहीं जाऊंगा तब तक न पानी पी लूंगा ना खाना खा लूंगा ।छात्र नेता ने कहा कि इनको दिखाना है क्योंकि आप जब दमन करेंगे तो आपके खिलाफ लड़ने वाला छात्र यहां पर हैं और मैं तमाम साथियों से का आवाहन करूंगा कि आप अपने हक के लिए ना सही आने वाली पीढ़ियों के लिए आप खड़े होइए। बोलिए हम लड़ रहे हैं। हमारा साथ दीजिए। दीवार के बनने से कैंपस की सुरक्षा सुनिश्चित करी गयी हैइलाहाबाद विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. जया कपूर ने फोन से बातचीत पर बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विज्ञान संकाय परिसर के कटरा गेट को बंद कराया गया है क्योंकि दोनों गेट खुलने से बाहरी लोग इस गेट को आवाजाही मार्ग की तरह इस्तेमाल करते थे। कई शिक्षकों और छात्रों, विशेष रूप से महिलाओं के साथ अभद्रता के प्रकरण हुए। दीवार के बनने से कैंपस की सुरक्षा सुनिश्चित करी गयी है।

### आधी रात को छात्रों ने पूरी दीवार को गिराया

विश्व विद्यालय प्रशासन द्वारा बीते शाम लगभग 7 बजे तक साइंस फैकल्टी के मेन गेट के सामने दीवार उठाकर पूरी तरह बंद कर दिया। जब छात्रों ने इसका विरोध किया तो मौजूद पुलिस प्रशासन दर्जनों छात्रों को प्रिजनर वैन में बंद करके उठा ले गई। हालांकि जब दीवार पूरी तरह बन गई तो कुछ देर बाद सभी छात्रों को छोड़ दिया गया। वहीं कुछ छात्र दीवार को हटवाने को लेकर मेन गेट पर ही धरना दे दिया कहा जब तक दीवार नहीं हटेगी यहां से हम लोग नहीं हटेंगे। वहीं देर रात सैकड़ों छात्र एक जुट होकर मेन गेट पर बनी दीवार को गिरा दिए।

# विकास खण्ड उरुवा अन्तर्गत साधन सहकारी समिति का चुनाव सम्पन्न




**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा।** विकास खंड उरुवा अंतर्गत होने वाले साधन सहकारी समितियों के संचालक पद के आठ समितियों में 57 प्रत्याशी पहले ही निर्विरोध हो चुके हैं। वही 13 पद पर चुनाव शनिवार सुबह क्षेत्र के अलग अलग समितियों पर भारी सुरक्षा के बीच सुबह दस बजे मतदान शुरू हो गया। विकास खंड उरूवा के उपरौड़ा साधन सहकारी समिति पर 6 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 342 मतदाताओं ने सापेक्ष 281 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीएम मेजा विनोद कुमार पांडेय, एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र,मेजा प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर मिश्रा पुलिस बल के साथ समितियों पर कांबिंग करते रहे। वही उपरौड़ा समिति पर गहमा गहमी को देखते हुए चौकी प्रभारी सिरसा जगदीश कुमार, चौंकी प्रभारी कोहडार अखिलेश सिंह, उपनिरीक्षक परलोक चौधरी तथा दो सेक्शन पीएसी तैनात रही। वही समहन के प्रत्याशी राहुल कुमार ने पांच मृतक व्यक्तियों में तीन लोगों के फर्जी तरीके से वोट डाले जाने का आरोप लगाया गया जिसे विपक्ष के रामसागर यादव मुखिया ने बीडीओ से शिकायत दर्ज कराया फिलहाल शांतिपूर्ण मतदान के बाद उपरौडा से दीपक कुमार , उपरौड़ा से प्रमिला देवी ,सोरांव से विनय शुक्ला ,समहन से राहुल कुमार, तथा उपरोड़ा से ही विजय बहादुर यादव विजयी घोषित हुए। जीत के बाद सपा नेता रामसागर यादव मुखिया ने नवागंतुक संचालकों को जीत की बधाई दी। वही चुनाव सकुशल संपन्न होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## विष्णु प्रताप सिंह सहित दो अन्य डायरेक्टर चुनाव में विजयी

**अखण्ड भारत संदेश**




**लेडियारी।** विकास खंड कोरांव के समिति चुनाव में लेड़ियारी समिति से तीन डायरेक्टर अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर निर्वाचित घोषित किए गऐ डीही खुर्द -लेड़ियारी क्षेत्र से विष्णु प्रताप सिंह अपने प्रतिद्वंद्वी अश्वनी गुप्ता को 89 मतों से हराकर निर्वाचित हुऐकुल 206 मत पड़े थेविष्णु प्रताप सिंह को 147मत तथा अश्वनी गुप्ता को 58मत मिला ` एक मत अबैध था `इसी तरह नीबी-देबीबांध क्षेत्र में कुल 99मत पड़े थे राधेश्याम द्विवेदी को 63 तथा उनके प्रतिद्वंद्वी पन्नालाल को मात्र 32मत ही मिल पायो चार मत अबैध था`अरुआरी -कोलसरा क्षेत्र से चंद्रमा प्रसाद कांटे की टक्कर से अपने प्रतिद्वंद्वी सावित्री देवी से चार मतों से विजयी हुए`चंद्रमा प्रसाद को 32 तथा सावित्री देवी को 28 मत मिला थो तीन मत अबैध हो गयो इसी प्रकार पवांरी साधन सहकारी समिति में सभी डायरेक्टर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

**अध्यक्ष का चुनाव कल**

कोरांव विकास खंड के समितियों में कल रविवार को अध्यक्ष पद का चुनाव कराया जाएगो निर्वाचित डायरेक्टर अध्यक्ष का चुनाव करेंगे।

## गृहकर वसूली पर सख्त हुआ निगम प्रशासन

**प्रयागराज।** नगर निगम, प्रयागराज द्वारा गृहकर वसूली के क्रम में बड़े बकायेदारों पर जारी की गयी डिमाण्ड नोटिस पर बकायेदारों द्वारा गृहकर न जमा करने के कारण सभी जोन कार्यालय जोन-3 कटरा, जोन-4 अल्लापुर, जोन-5 नैनी , जोन-6 ट्रांसपोंट नगर, के अन्तर्गत आने वाले वार्डों में कर अधीक्षकों द्वारा प्रस्तावित किये गये थे, प्रयागराज क्षेत्र के कमर्शियल भवनों पर गृहकर की धनराशि बकाया होने पर एवं उनकी वसूली सुनिश्चित न किये जाने पर समस्त राजस्व निरीक्षकों को अन्तिम रूप से चेतावनी दी गयी कि वे अधिनियम के प्राविधानों के अनुसार बड़े बकायेदारों पर सख्ती पूर्वक कार्यवाही करें। इसी क्रमें आज दिनांक 18.03.2023 को जोन वार कुल 30 भवन स्वामियों की कुर्की की तिथि निर्धारित की गयी थी नगर आयुक्त, नगर निगम प्रयागराज द्वारा गृहकर वसूली हेतु निर्धारित टीम द्वारा उक्त 30 भवनों पर गृहकर की कुल बकाया धनराशि रू0- 85,37,768.00 के सापेक्ष चेक/कैश के माध्यम से धनराशि रू0-61.00 (इक्सठ लाख मात्र) की वसूलयावी की गयी।मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्री पी0के0द्विवेदी द्वारा बताया गया जिन भवन स्वामियों द्वारा पिछले 8-10 वर्षों से गृहकर की धनराशि जमा नही की है इस वित्तीय वर्ष के अन्त तक सम्पूर्ण गृहकर वसूली हेतु हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है, इस हेतु आप सभी गणमान्य गृहकर टैक्सधारकों से पुनः आग्रह है कि जिन भवन स्वामियों ने अपना-अपना गृहकर जमा नही किया है वह इस वित्तीय वर्ष के अन्त तक अपना गृहकर अवश्य ही जमा करा दें।

# डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की हुई मौत



**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मेजा रोड कठौली ओवरब्रिज के समीप डंफर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जिससे वहां भीड़ जमा हो गई। सुचना पर पंहुची इलाकाई पुलिस ने भीड़ को हटाते हुए रास्ता खाली कराया और बाइक सवार युवक के शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के मेजारोड कठौली ओवरब्रिज के समीप शनिवार की शाम को बाइक नंबर यूपी 70 जीके 8254 अज्ञात को डंफर यूपी 70 जीटी 3072 ने टक्कर मार दिया। वहीं डंफर की चपेट में आने से अज्ञात बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सुचना पर चौकी प्रभारी मेजा रोड रामभवन वर्मा पुलिस सिपाहियों के साथ पंहुचे। बाइक सवार युवक के शव की शिनाख्त के लिए काफी प्रयास किया गया लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

# विद्युत संकट से झूंसी क्षेत्र में मचा हाहाकार

### आवास विकास कॉलोनी योजना-2,योजना-3,नगर पंचायत झूंसी पुरानी झूसी कोहना, मुंशी का पूरा, कटका सहित तमाम इलाकों में अंधेरा पसरा



**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** विद्युत कर्मचारियों के 72-घन्टे के हड़ताल के कारण झूसी क्षेत्र के तमाम इलाकों में विद्युत संकट उत्पन्न हो गया जिससे जनजीवन पूरी तरीके से अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश के गर्मी से निजात मिल गया किंतु पानी के लिए लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।बताते चलें कि नगर पंचायत झूसी में सुबह 6:00-बजे से विद्युत कटौती हो गई थी। पावर हाउस पर जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया तो मौके पर मौजूद चौकी इंचार्ज छतनाग वाह लेखपाल ने बताया कि उनकी ड्यूटी यहां पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाई गई है। उच्च अधिकारियों से बात कर शाम तक विद्युत व्यवस्था बहाल कराया जाएगा किन्तु देर शाम तक बिजली संकट बरकरार रही है। दोपहर में कुछ समय के लिए लाइट चालू किया गया लेकिन बाजार में स्थित ट्रांसफार्मर के पास आउट हो जाने से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई इसी प्रकार आवास विकास योजना नंबर 3,योजना,झूंसी कोहना सहित तमाम इलाकों के विद्युत व्यवस्था दोपहर दो-बजे के बाद चरमरा गई शाम तक विद्युत व्यवस्था बहाली ना होने दें लोग अपने अपने घरों से निकलकर पुलिस बूथ स्थित पावर हाउस पर पहुंचने लगे मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी लोगों को समझा-बुझाकर उन्हें वापस करते रहें और तमाम कर्मचारियों का नंबर के माध्यम से संपर्क कर विद्युत बहाली का प्रयास करते रहे किन्तु देर शाम तक विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं किया जा सका उक्त प्रकरण में झूसी एसडीओ विजय कटारिया से संपर्क करने का प्रयास किया गया उन्होंने बताया कि संविदा कर्मचारियों ठेकेदार से वार्ता कर विद्युत बहाली का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही विद्युत समस्याओं से त्रत क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था जल्द बहाल करा दिया जाएगा।



## सैकड़ो गांव में अंधेरा, पानी के लिए मचा हाहाकार

**हनुमानगंज।** बिजली कर्मियों की हड़ताल से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। एक ओर जहां बिगड़े मौसम के चलते किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंची है, वहीं बिजली के अभाव में मड़ाई-कुटाई, पिसाई से लेकर पेयजल तक के लिए हाहाकार मचा है। हबूसा मोड़ पावर हाउस संबद्ध सैकड़ों गांव में अंधेरा छाया हुआ है। कोटवा, जमुनीपुर, बेलवार, बख्खोपुर, सीहीपुर रमईपुर, सरायइनायत, नसीरापुर, अंदावा में लोगों को जहां बीते 48 घंटे में मात्र 4 घंटे बिजली मिली वही झूंसी के त्रिवेणीपुरम, आवास विकास कॉलोनी आदि क्षेत्रों में घंटों अंधेरा छाया रहा। क्षेत्र में सरसों, गेहूं, आलू आदि फसलों की कटाई मड़ाई खुदाई चल रही है। दो दिनों से आंधी तूफान के संग हुए बरसात से जहां मुंह के निवाले जानते देख किसानों की नींद हराम हो गई है, वही बिजली के अभाव में आटा चक्की, थ्रेसरिंग सब ठप्प पड़ चुके हैं। गांवों में कुएं सूख जाने के बाद हैंडपंप समरसेबुल और पेयजलापूर्ति टंकी के भरोसे ग्रामीणों की प्यास बुझती थी, किंतु बिजली के अभाव में पेयजल का संकट भीषण गहराया है। लोगों की समस्याओं को देखते हुए शनिवार रात 8 बजे जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र सिंह पिंटू एवं सुरेश यादव दर्जनों ग्रामीणों के साथ पावर हाउस पहुंचे। पावर हाउस पर भीड़ को देख जुनेदपुर आवास जा रहे पूर्व विधायक प्रशांत सिंह भी रुक गए। पावर हाउस हबूसा मोड़ पर मौजूद नायब तहसीलदार से प्रशांत सिंह ने बात की तथा अभिलंब बिजली बहाल कराने की बात कही। रात 8:30 बजे विद्युत आपूर्ति नहीं हो सकी। सरायइनायत पुलिस बिजलीकर्मियों की तलाश में जुटी रही। फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल ने बताया की बिजली की समस्या काफी विकराल है। रिटायर्ड बिजली कर्मियों की मदद से बिजली बहाली का प्रयास किया जा रहा है।

## मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने मनाई विश्व किडनी दिवस

**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत स्वरूप रानी नेहरू के नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट में विश्व किडनी दिवस मनाया गया।जहां मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एपी सिंह और डॉ. अरविंद गुप्ता, नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नेफ्रोलॉजी विभाग के डॉक्टर्स के साथ दर्जनों मेडिकल स्टूडेंट्स भी मौजूद रहे। छात्रों को मिला बेस्ट पोस्टर अवॉर्ड : विश्व किडनी दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता भी रखी गई। जिसमें पोस्ट ग्रेजुएट व डायलिसिस टेक्नीशियन के छात्रों ने किडनी रोग, जागरूकता व प्रबंधन से संबंधित विभिन्न विषयों पर पोस्टर प्रस्तुत किए। इनमें राघवेंद्र सिंह यादव, पूजा और अनुभव मौर्या को बेस्ट पोस्टर अवॉर्ड से नवाजा गया। इस पोस्टर प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों में जागरूकता फैलाना था।वहीं कार्यक्रम की शुरूआत में मेडिकल कॉलेज से लेकर नेफ्रोलॉजी विभाग तक जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें नेफ्रोलॉजी संकायों के स्नातकोत्तर और डायलिसिस तकनीशियन के छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया है। किडनी की बीमारियां सिलेंटली आती है : वहीं नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट हेड डॉ. अरविंद गुप्ता ने कहा कि मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत स्वरूप रानी नेहरू के नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉक्टर्स है।

# सतपुरा से इंद्रजीत और नेवरिया में राघवेंद्र सिंह ने मारी बाजी

### साधन सहकारी समिति चुनाव

**अखंड भारत संदेश**




**शंकरगढ़।** साधन सहकारी समिति के डायरेक्टर पद के चुनाव लिए शनिवार को बड़गडी, नौढ़िया उपरहार, भारत नगर, अकौरिया और सुरवल साहनी की समितियों में चुनाव कराया गया। मतदान के बाद शाम 4 बजे मतों की गिनती शुरू कर दी गई, जिन स्थानों पर कम मतदाता थे, वहां का परिणाम दिन रहते घोषित कर दिया गया। ज्यादा मतदाताओं वाले ग्राम पंचायत नौढ़िया उपरहार में देर शाम करीब 6.30 बजे तक मतों की गिनती जारी रही। सुरक्षा के मद्देनजर यहाँ पर भारी संख्या में फोर्स भी तैनात रही। साधन सहकारी समिति बड़गडी के गोल्हैया में सामान्य सीट के लिए 49 मतदाताओं के सापेक्ष 30 ने मतदान किया। जिसमें देवेंद्र प्रताप 19 मत पाकर विजई घोषित हुए, जबकि कल्लू को 10 मत मिले। ग्राम विकास अधिकारी विजय राज ने बताया कि यहां पर एक मत अवैध घोषित किया गया। इसीतरह साधन सहकारी समिति सुरवल साहनी में सामान्य सीट थी। यहां दो प्रत्याशी आमने-सामने थे। सेक्रेटरी रामेश्वर ने बताया कि 105 मतदाता के सापेक्ष कुल 87 ने मतदान किया, जिसमें 54 मत पाकर गोकुल सिंह विजई घोषित हुए, जबकि छेदीलाल को 33 मत मिले। इसीतरह साधन सहकारी समिति अकौरिया के करियाखुर्द में भी काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। ग्राम विकास अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि सामान्य सीट में 25 मत पाकर विपिन कुमार सिंह को विजय घोषित किया गया, जबकि राम बदन सिंह एक मत से चूक गए। यहां पर 59 मतदाताओं के सापेक्ष 49 ने मत डाला था।इसीतरह भारत नगर में तैनात ग्राम विकास अधिकारी दीपेश सिंह ने बताया कि यहां की सामान्य सीट झंझरा चौबे में राजेंद्र प्रसाद 51 मत पाकर विजयी घोषित हुए, जबकि 33 मत पाकर राजकुमार दूसरे स्थान पर रहे। इसीतरह सतपुरा में विजय प्रत्याशी इंद्रजीत तिवारी को 15 और हौसला प्रसाद को 12 मत मिले।इसीतरह किसान सेवा सहकारी समिति नौढ़िया उपरहार के चुनाव में नौढिया से अखिलेश सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष ने अपने प्रतिद्वंदी प्रदीप सिंह उर्फ बबलू को 43 वोट से दी शिकस्त।वहीं नेवरिया से राघवेंद्र सिंह उर्फ ददुली ने 53 वोट से जीत हासिल की।जबकि कुबरी से प्रमोद सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी अजय सिंह को 11 वोटों से शिकस्त दी।इसीतरह पहाड़ी महिला सामान्य सीट से श्याम देवी ने 158 मत पाकर अपने प्रतिद्वंदी उषा देवी को 14 वोटों से दी शिकस्त।जबकि यहाँ की सामान्य सीट से रविशंकर विजयी हुए।मतदान और मतगणना के लिए पूरे समय तक शंकरगढ़ थाने की टीम मौजूद रही।नौढ़िया उपरहार में तैनात उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह ने बताया कि मतदान और मतगणना शांतिपूर्ण से हुई।वहीं संवेदनशील स्थानों पर उच्चाधिकारी भी नजर बनाए हुए थे।

# ग्राम प्रधान लीडर से रंगदारी न मिलने पर दी धमकी

**अखंड भारत संदेश**

### सहायक पुलिस आयुक्त मेजा ने थाना प्रभारी को दिया कार्यवाही हुक्म,प्रधान संगठन महामंत्री ब्लॉक कोराव ने पुलिस से केस दर्ज किए जाने की मांग किया

**रत्यौरा कोराव।** ग्राम पंचायत अल्हवा ब्लॉक कोराव प्रयागराज के ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ सहजादे अखिल भारतीय प्रधान संगठन प्रयागराज मंडल को उसी ग्राम पंचायत के एक भू अतिचारी और अपराधी किस्म के कोटेदार पुत्र ने जान से मारने और रंगदारी न दिए जाने पर जान से मारने और आदि तरह तरह की धमकी दी जिस पर प्रधान ने डीएम प्रयागराज तहसील दिवस प्रभारी से रपट दर्ज करा कर विधिक कार्यवाही की मांग किया है। जिस पर एसीपी ने थाना प्रभारी कोराव को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इस पर प्रधान संगठन ब्लॉक कोरांव के महामंत्री ज्ञान सिंह ने भी प्रधान के विरुद्ध लामबंदी करने वाले कोटेदार पुत्र के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही और केस दर्ज किए जाने की मांग किया है। बता दें कि ग्राम प्रधान शहजादे ने संवैधानिक तरीके से ग्राम सभा अल्हवा की नवीन परती, चक्रोड, खलिहान, मार्ग, बंजर की कीमती जमीनों को भू माफियाओं से मुक्त करा कर ग्राम्य विकास हित में कई प्रोजेक्ट लाकर निर्माण कार्य कराए जाने हेतु अभियान चला रखा है। और भूमि हीनों को आवासीय,और कृषि कार्य के लिए आवंटन की कार्यवाही कर रहे हैं जिससे भू अतिचारी कोटेदार अल्हवा आदि प्रधान के विपक्षी प्रधान के विरुद्ध एक न एक फर्जी शिकायत करते रहते हैं। और जान से मारने का षड्यंत्र रच रहे हैं। कोटेदार अल्हवा पुत्र पवन कुमार ने प्रधान को 18 मार्च को धमकी दिया कि तुमने मेरी कोटे को निलंबित कराया,राजस्व पुलिस टीम द्वारा भूमि से कब्जा हटवाया,और भी मेरी सरकारी और अबादी आदि की जमीनों को खाली कराए जाने की कार्यवाही करा रहे हो। तुम्हे जान से मरवा देगें। और एक लाख रुपया तुम्हारे चक्कर में खर्च हो चुका है एक सप्ताह के अंदर दे दो वर्ना प्रधानी की जांच कराकर प्रधानी खत्म करवा देगें। जिस पर प्रधान एफआईआर दर्ज कर जेल भेजे जाने की तहरीर दी। चर्चा हैं कि कोटेदार प्रधान के विपक्षी लोगों की गोद में और उनके इशारे पर कोई न कोई षड्यंत्र रच कर शिकायतें करता रहता है। और धमकियां देता रहता है। प्रधान ने बताया की उक्त कोटेदार पुत्र को मेरे विपक्षी लोग कोई साजिश रच कर उसके साथ कोई अप्रिय घटना कारित करा कर मुझको मेरे परिवार जनों को फंसाया जा सकता है। जबकि उक्त के विरुद्ध थाना कोराव में पांच और खीरी थाने में एक और कुछ मध्य प्रदेश में मुकद्में पंजीकृत हैं। और कुछ में जांच चल रही है।

## करेली में बमबाजी,दो गुटों में मारपीट के बाद फोड़े गए बम, दो लड़के मामूली रूप से जख्मी



**प्रयागराज।** नगर करेली थानांतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप शनिवार दोपहर बम बाजी से हड़कंप मच गया। अंबाजी की वजह लड़कों के दो गुटों में मारपीट हुई बताई जा रही है। जिसमें दो लड़के जख्मी हुए है। पूरे बाजार में अफरा तफरी का माहौल बन गया था। पुलिस का कहना है कि बमबाजों की तलाश की जा रही है । करेली थाना क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप शनिवार को करीब 3:00 बजे दो लड़कों के गुटों में मारपीट हो गई। उस वक्त वहां मौजूद लोगों ने दोनों गुटों के लड़कों को दूर कर दिया। कुछ देर बाद उधर से बाइक से तीन चार लड़के आए और वहां पहले से खड़े लड़कों पर बम बाजी करते हुए भाग गए। जिससे वहां पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। बम फटने से चौतरफा धुआं धुआं हो गया। उसमें दो लड़के मामूली रूप से जख्मी हुए हैं। बमबाजी की सूचना पर करेली पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन कोई मिला नहीं। दुकानदारों ने बताया आए दिन होता है झगड़ा : आसपास के दुकानदारों का कहना है कि आए दिन झगड़ा होता रहता है। जिससे हमेशा डर का माहौल बना रहता है। इंस्पेक्टर करेली रामाश्रय यादव का कहना है कि थाने में कोई शिकायत नहीं आई है। बमबाजी की सूचना मिली थी। एक वीडियो भी सामने आया है। जांच की जा रही है।

## पीआरडी स्वयंसेवक 31 मार्च तक उपलब्ध कराएं अभिलेख

**प्रतापगढ़।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी केशव कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि प्रान्तीय रक्षक दल के वैध रूप से प्रारम्भिक प्रशिक्षण प्राप्त किये पी0आर0डी0 स्वयंसेवकों का डाटाफीडिंग हेतु अभिलेख उपलब्ध कराये जाने के लिये अन्तिम रूप से 31 मार्च 2023 तक समय निर्धारित किया गया है। उन्होने जनपद के आनलाइन डाटा फीडिंग से छुटे हुये समस्त पीआरडी स्वयंसेवको को सूचित किया है कि अपने प्रशिक्षण सम्बन्धित समस्त अभिलेख जन्मतिथि प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, विभागीय पहचान पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि 31 मार्च 2023 तक अपने विकास खण्ड के क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी को उपलब्ध करा दें। निर्धारित तिथि तक यदि किसी पीआरडी स्वयंसेवक द्वारा समस्त वांछित सही अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो उन्हें अब अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा तथा उन्हें प्रान्तीय रक्षक दल से पृथक माना जायेगा।

# फरियादियों की शिकायतों का त्वरित हो निस्तारण: सीडीओ

### पट्टी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी शिकायतें, छह मामलों का मौके पर किया गया निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में तहसील पट्टी में आयोजित किया गया।


समाधान दिवस पर शिकायतें सुनतीं सीडीओ ईशा प्रिया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुये कहा कि शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी, इसलिये जन सामान्य की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण में ढिलाई कदापि न बरती जाये, सभी अधिकारी अपने कार्यों एवं दायित्यो का शत प्रतिशत निर्वहन करें। उन्होंने निर्देशित किया की सभी लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करायें। उन्होने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण करायें इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाए। पट्टी तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 207 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 207 शिकायतों में से 82 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 54, विकास विभाग से 23, समाज कल्याण से 05, शिक्षा विभाग से 03, स्वास्थ्य विभाग से 02 एवं 38 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी पट्टी सहित समस्त

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर राष्ट्रीय परशुराम सेना की बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला कचहरी प्रांगण में राष्ट्रीय परशुराम सेना द्वारा आगामी 22 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर तैयारी बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा न्याय की लड़ाई में आगे बढ़कर संघर्ष करता है हम सभी को एकजुट होकर अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करनी होगी।

उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्शो पर चलकर उनके जन्मोत्सव को बड़े ही

### 22 अप्रैल को हर्षोल्लासपूर्वक मनाई जाएगी जयंती

हर्षोल्लास के साथ मनाता है। राष्ट्रीय परशुराम सेना द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कंपनी बाग से शोभा यात्रा निकालकर शहर भ्रमण करते हुए ट्रेजरी चैराहे पर पहुंचकर शोभायात्रा संपन्न करेगी।

जिलाध्यक्ष अनिल पांडेय ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव में जनपद के कोने कोने से लोग एकत्रित होकर कार्यक्रम में शामिल होते हैं सभी पदाधिकारी अपने स्तर से प्रचार प्रसार करें जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोगों तक राष्ट्रीय परशुराम सेना का संदेश पंहुच सके। संगठन द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर यह मांग की गई कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर राजकीय अवकाश घोषित किया जाए। बैठक में आदित्य मिश्र अनुराग त्रिपाठी अरुण उपाध्याय मनीष दुबे सूर्यनारायण शुक्ला नवीन तिवारी विवेक साईं प्रदीप मिश्र मुन्ना मिश्र अंकित दुबे आशुतोष पांडेय आकाश राय सचिन पांडेय अभिषेक दुबे अभिषेक मिश्र लक्ष्मण तिवारी दीपक मिश्र आर के तिवारी अमित शुक्ला पवन मिश्र शिवा पांडेय सहित भारी संख्या में संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर बेची जा रही शराब, शराब के शौकीनों के लिए मुसीबत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी में देसी शराब तथा अंग्रेजी शराब प्रिंट रेट से अधिक शराब की दुकानों पर बेची जा रही है, जो शराब पीने वाले और शराब के शौकीनों के लिए मुसीबत का सबब बन चुका है। वहीं आबकारी विभाग के मौन रहने से दुकानों पर प्रिंट रेट से अधिक बेचने वाले दुकानदारों का मनोबल बढ़ा हुआ है।

पट्टी तहसील क्षेत्र में कई अंग्रेजी तथा देसी शराब की दुकाने हैं। पट्टी नगर सहित आसपास के क्षेत्र में तो स्थिति बहुत ही खराब है यहां पर निर्धारित मूल्य से अधिक रकम शराब के शौकीनों से वसूली जा रही हैं। कई बार तो प्रिंट रेट से अधिक पैसा लेने पर दुकानदारों तथा शराब के सब टीमों के बीच में गहमागहमी तथा झड़प भी हुई हैं लेकिन आबकारी विभाग इस संबंध में कुछ कहने से कतरा रहा है। लोगों का कहना है कि आबकारी विभाग की मिलीभगत से खेला हो रहा है। इससे राजस्व को क्षति पहुंच रही है। शराब की दुकानों में निर्धारित प्रिंट रेट से अधिक मूल्य चुकाने पर जहां ठेकेदारों को फायदा हो रहा है वही राजस्व को नुकसान भी हो रहा है। जिला आबकारी अधिकारी तथा उप जिलाधिकारी इस संबंध में कोई भी कार्यवाही ठेकेदारों तथा दुकानदारों पर नहीं कर रहे हैं जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ है।

# अचानक वर्षा के साथ गिरे ओले, तापमान लुढ़का, किसान चिन्तित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आज शनिवार को वैसे तो सबेरे से कम धूप निकली, दिन भर बादल आते-जाते रहे लेकिन अपरान्ह तीन बजे अचानक तेज वर्षा व ओलों के साथ शुरू हुई तो लोग अपने घरों व छायादार स्थानो की ओर भागे।


बारिश के साथ गिरे ओले।

लगभग 20 मिनट में वर्षा तो थम गई लेकिन बूंदाबांदी देर शाम तक होती रही। इससे मौसम ठंडा हो गया है। इसे बेमौसमी वर्षा से खेत खलिहान में सरसों की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान होने की संभावना है। इस बेमौसमी वर्षा ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। शहर में तो कम ग्रामीण क्षेत्रों में ओला भी गिरा है। ठंड की हालत यह है कि घरों व कार्यालयों मं पंखे तक बंद हो गये। देर शाम तक मौसम नम रहा। दो दिन पहले तक गर्मी ने अपना रुप दिखाना शुरू ही किया था लेकिन अचानक मौसम के इस बदलाव से लोग बीमार भी पड़ने लगे हैं जुखाम, बुखार के मरीजों की भरमार है। चिकित्सकों का कहना है कि बदलते मौसम में लोगों को सतर्क रहना होगा।

## सांगीपुर क्षेत्र में खूब गिरे ओले,फसल हुई नष्ट

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय क्षेत्र में दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। कहीं तेज हवाओं ने छप्पर व टीन शेडो को उड़ाया तो कही झमाझम बारिश हुई। रानीगंज कैथौला में तो तेज हवाओं का प्रकोप दिखा तो वही लालगंज में बारिश हुई। सांगीपुर क्षेत्र के ओरीपुर नौगीर,देऊ व घुईसरनाथ धाम में खूम जमकर ओले गिरे। ओलो के गिराने से किसानों की फसलो को काफी नुकसान हो गया।

# गुरु की महिमा को प्रधानाध्यापक ने किया कलंकित

### छात्राओं के साथ करता है छेड़छाड़ व बनाता है वीडियो व फोटो

## शिकायत पर बीईओ ने बीएसए को कार्रवाई के लिए भेजी रिपोर्ट

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकास खंड के एक शिक्षक ने गुरु की महिमा को कलंकित कर दिया। वह जूनियर विद्यालय की छात्राओं के साथ आए दिन छेड़छाड़ के साथ ही वीडियो व फोटो बनाता है। जब छात्राओं ने विरोध के साथ ही विद्यालय में तैनात शिक्षिका को पूरे मामले से अवगत कराया तो शिक्षक ने छात्राओं को धमकी देने लगा। जांच को पहुंचे बीईओ को शिकायत सही मिली।

स्थानीय विकास खंड स्थित एक पूर्व माध्यमिक स्कूल के प्रधानाध्यापक ने अपने करतूतों से पूरे शिक्षा जगत को शर्मसार कर दिया। वह स्कूल की छात्राओं से आए दिन अश्लील हरकते करता है। यही नहीं उसका वीडियो व फोटो भी बनाता है। छात्राओं के विरोध करने पर उल्टा उक्त शिक्षक धमकी भी देता है। छात्राओं ने मामले की शिकायत विद्यालय में तैनात शिक्षिका से की। शिक्षिका ने प्रधानाध्यापक को समझाने का प्रयास किया लेकिन उसका सार्थक परिणाम नहीं मिला। शिकायत से झल्लाए शिक्षक ने छात्राओं को परीक्षा में न बैठने के साथ ही टीसी न देने की धमकी देने लगा। शिक्षक की हरकतों से परेशान होकर छात्राओं ने विद्यालय न आने का फैसला लिया और मामले की शिकायत बीईओ से की। जांच को पहुंचे बीईओ ने शिकायत सही पाई, जिस पर कार्रवाई के लिए बीएसए को पत्र भेज दिया। इस संबंध में बीईओ ने बताया की शिकायत सही पाई गई है,कार्रवाई के लिए बीएसए को पत्र लिखा गया है।

## इससे पूर्व भी हो चुकी है घटना

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकास खंड में यह कोई नई बात नही है। इससे पूर्व भी कई वर्ष पहले क्षेत्र के एक विद्यालय में एक शिक्षक का एक शिक्षिका के साथ स्कूल में ही अश्लील हरकतों का पदार्फाश शिक्षिका के पति ने किया था। फिलहाल लोगों की माने तो यह मामला दोनों की सहमति से काफी दिनों से चल रहा था, लेकिन शिक्षिका का पति इसका विरोध आए दिन किया करता था। दोनों के उच्च वर्ग के होने की वजह से संभ्रांत लोगों ने किसी तरह मामले में समझौता करा दिया था।

# एनएसएस शिविर से हम जीवन जीने की सीखते हैं कला: प्राचार्य

## एमडीपीजी कालेज में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में एनएसएस की महिला एवं पुरुष इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो शैलेंद्र कुमार मिश्र एवं एमडीपी कॉलेज के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने दीप प्रज्वलन के साथ ही मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद जी और महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया।


एनएसएस शिविर के शुभारंभ पर लालगंज महाविद्यालय प्राचार्य का स्वागत करते शिक्षक

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो शैलेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि एनएसएस हमारे बहुआयामी विकास का पर्याय है। एनएसएस के शिविर से हम जीवन जीने की कला सीखते हैं। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुशील कुमार पाण्डेय ने बताया कि व्यक्ति अपने जीवन में किस प्रकार से संघर्ष करके सफलता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि एनएसएस कर्मयोग की विधा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र द्वारा बच्चों को जीवन में सफलता का सूत्र बताया गया कि अगर हम सफल होना चाहते हैं तो सदैव एक पेड़ की भांति झुकना सीखें और विरासत में मिली अतीत की संस्कृति को अपनाकर अपने जीवन को समुन्नत बनायें। पुरुष कार्यक्रमाधिकारी डॉ शैलेश कुमार पाण्डेय के द्वारा एनएसएस के सात दिवसीय कार्यक्रम की विस्तार से रूपरेखा प्रस्तुत की गई। महिला इकाई की कार्यक्रमाधिकारी प्रो अमिता मिश्रा ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि सात दिवसीय शिविर हमें आपसी समन्वय एवं भाईचारे को सिखाता है। महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने समय प्रबंधन की महत्ता को बताते हुए इसे अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्रो अरविंद मिश्र, प्रो राधाकृष्ण दुबे, प्रो किरण मिश्रा, डॉ संजय कुमार दुबे ,डॉ अभिषेक सिंह, प्रो निशा सिंह, डॉ रेखा मिश्रा, मुक्ता वर्मा आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन छात्रा खुशी तिवारी ने किया।


श्रद्धांजलि सभा में बोलते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

# पत्रकार दिनेश सिंह के निधन पर व्यापार मण्डल ने जताया शोक, श्रद्धांजलि सभा कर जताया शोक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेष व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने बैठक कर पत्रकार दिनेष सिंह के निधन पर शोक जताया। साथ ही अन्य के निधन पर भी शोक जताकर ईष्वर से प्रार्थना की गई तथा दो मिनट का मौन धारण किया गया।

ज्ञान भारती पुस्तक भंडार बालीपुर पुस्तक व्यवसाई हरिमोहन जायसवाल के दामाद व बिहारीलाल जायसवाल (पतंजलि एजेंसी, विवेक नगर) के भाई और व्यापार मण्डल जिला उपाध्यक्ष संजीव जायसवाल के बहनोई स्व.रतनलाल जायसवाल के निधन पर शोक संतप्त उ.प्र.उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने दैनिक जागरण के अभूतपूर्व पत्रकार स्व.दिनेश सिंह, जनपद के गौरव व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.कृपाशंकर ओझा और पूर्व पुलिस उपाधीक्षक रमेश चंद्र सिंह की पत्नी व न्यायाधीश राजीव सिंह और व्यापार मंडल विधिक सलाहकार सतीश सिंह की माताश्री स्व.फूला सिंह के गोलोकवासी होने पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी की अध्यक्षता व जिला महामंत्री संजय सोनी के संचालन में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन जिला उपाध्यक्ष संजीव जायसवाल के आवास बालीपुर पर संपन्न हुआ। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी सहित सभी शोक व्यक्त-कताओं ने दिवंगत आत्माओं को नमन करते हुए कहा कि उत्कृष्ट, श्रेष्ठ, अति सरल व व्यवहार प्रिय पत्रकार स्व.दिनेश सिंह की कमी हम सभी को सदैव अखरती रहेगी और दुःख के इस बेला में जनपद के गौरव रहे।

वयोवृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और निर्भीक निष्पक्षवादी वरिष्ठ एडवोकेट स्व. कृपा शंकर ओझा तथा पूर्व पुलिस उपाधीक्षक रमेश चंद्र सिंह की पत्नी, न्यायधीश राजीव सिंह व व्यापर मंडल विधिक सलाहकार सतीश सिंह की माताश्री स्व. फूला सिंह के निधन की संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। बैठक के अंत में व्यापार मण्डल के उपस्थित समस्त पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने दिवंगत आत्माओं की शान्ति और परिजनों के धैर्य, शक्ति, संबल हेतु खड़े होकर दो मिनट का मौन धारण कर सभा का समापन किया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से प्रा.उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल, संजय सोनी, सुरेश चंद्र केसरवानी, विष्णु सिंह सोमवंशी, सुनील जयसवाल, राहुल केसरवानी, सतीश चंद्र सोनी, अमित केसरवानी, धीरज उपाध्याय, पंकज केसरवानी, बालकृष्ण, दिनेश केसरवानी, सरदार कुलविंदर सिंह, शिव भूषण शुक्ला, अख्तर राइन, शकील अख्तर, कदीर अहमद आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

# गुरु के वचनों के प्रति सदा विश्वास रखना चाहिए: स्वामी मधुसूदनाचार्य

### लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही भागवत कथा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** चिलबिला लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह की अमृत वर्षा हो रही है। कथा व्यास मंदिर के पीठाधीश्वर परम पूज्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री मधुसूदनाचार्य जी ने कथा श्रवण कराते हुए कहा कि भगवान श्रीमन्नारायण सर्वत्र हैं किंतु उनके प्रति मन में दृढ़ता आनी चाहिए। जीवन में गुरु अवश्य होना चाहिए। गुरु के वचनों के प्रति विश्वास रखना चाहिए।

शबरी ने अपने गुरु के प्रति विश्वास रखते हुए उस दुर्गम जंगल में वास किया। एक दिन ठाकुर जी को वहां आना पड़ा। संत का हृदय नवनीत के समान होता है। मनुष्य को शरणागति अवश्य लेना चाहिए किसी अच्छे वैष्णव संत से शरणागति लेने पर ठाकुर जी अवश्य मिलते हैं। जिसके उदाहरण साक्षात विभीषण जी हैं। मनुष्य के बिगड़ने के चार साधन होते हैं रूप यौवन संपत्ति और बड़ा पद मनुष्य इन चारों को अपने बस में रखें इसके लिए विवेक होना चाहिए। यदि विवेक रहेगा तो यह चारों चीजें कुछ भी नहीं बिगाड़ सकती है। देवताओं के प्रति वेदों के प्रति गऊ ब्राम्हण के प्रति जिसके मन में विद्वेश उत्पन्न हो जाता है वह व्यक्ति शीघ्र ही नष्ट हो जाता है। उस व्यक्ति को नष्ट होने से कोई बचा नहीं सकता। भगवान नारायण के आदेश से माता देवकी के गर्भ में वास कर रहे शेष भगवान को योग माया ने वसुदेव जी की बड़ी पत्नी रोहिणी के गर्भ में गोकुल पहुंचाया और स्वयं माता जसोदा के गर्भ में वासकर अवतरित हुईं। पूर्व काल में दिए हुए वचन को पूर्ण करने के लिए भगवान नारायण ने कंस के कारागार में माता देवकी और वसुदेव जी के यहां अवतार लिया। धूमधाम से भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर धमार्चार्य ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास एवं नारायणी रामानुज दासी द्वारा व्यासपीठ को अंगवस्त्रम एवं भगवान जगन्नाथ जी का महाप्रसाद प्रदान कर बहुमान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान शंकरलाल उमरवैशय जनक लली रामानुज दासी जय नारायण अग्रवाल डॉ अवंतिका पांडे रामचंद्र सेठ श्याम सुंदर गुड्डू विष्णु जयसवाल राजेश अग्रवाल नीतू अग्रवाल श्यामसुंदर टाऊ घनश्याम दास मुनीम गोवर्धन दास कन्हैयालाल वैश्य भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## श्रीराम का आचरण अपनाने से संवर जाता है जीवन-अरविन्द महराज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** सगरा सुन्दरपुर में हो रही संगीतमयी श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथाव्यास मोरारी बापू के कृपा पात्र शिष्य अरविन्द महराज ने कथा प्रसंग में बताया कि श्रीराम की कथा लोकमंगलकारी है। भगवान श्रीराम का मर्यादित आचरण जीवन मे अपनाने से जीवन खुशियों से भर जाता है। कथाव्यास ने कहा कि श्रीराम कथा के माध्यम से गोस्वामी तुलसीदास जी ने मानव जीवन के सम्बन्धों के महत्व को बताया है। कथाव्यास ने कहा कि कथा की सार्थकता तब सिद्ध होती है जब हम इस कथा को सुनने के बाद इसे अपने दैनिक जीवन के व्यवहार में शामिल करते हैं। मुख्य आयोजक समाजसेवी संजय शुक्ल ने संयोजक संजीव तिवारी, सह आयोजक राजेन्द्र मिश्र तथा संरक्षक उमेश तिवारी के साथ आचार्य अरविन्द महराज का रोली चंदन व फूल मालाओं से श्रीअभिषेक किया। अधिवक्ता रमेश पाण्डेय व प्रदीप तिवारी ने श्रद्धालुओं का स्वागत तथा समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। इस मौके पर उदयराज तिवारी, अनूप तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि श्यामजी जायसवाल, इन्द्रजीत सिंह, गरूण तिवारी, सोमेन्द्र गिरि, पवन पाण्डेय, निक्की तिवारी, अंकित शुक्ल, राजकुमार तिवारी, अतुल द्विवेदी, राजीवमणि तिवारी, उमाशंकर मिश्र, प्रमोद मिश्र, ज्ञानप्रकाश मिश्र आदि ने श्रीराम कथा का रसास्वादन किया।

## शांति पूर्ण ढंग से समिति का चुनाव हुआ सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** ब्लाक कालाकांकर के साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष का चुनाव शनिवार को सम्पन्न हुआ जिसमें साधन सहकारी समिति कोराली में शिवमूरत ने अपने प्रतिद्वंद्वी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को 4 मतों से हराकर विजयी घोषित हुए। इसी तरह साधन सहकारी समिति छिदौरा में गुलाब सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी मेवालाल मौर्य को 15 मतों से हराकर विजयी घोषित हुए। साधन सहकारी समिति परसई में अनन्तराम गुप्ता ने अपने प्रतिद्वंदी रामशंकर शुक्ल को 3 मतों से हराकर विजयी घोषित हुए। साधन सहकारी समिति परियावां में मो0 तारिक फारुकी ने अपने प्रतिद्वंदी विजय किशोर अग्रहरि को 6 मतों से हराकर विजयी घोषित हुए। साधन सहकारी समिति ब्रह्मौली में नंदलाल ने अपने प्रतिद्वंदी छोटे लाल को 5 मतों से हराकर विजयी घोषित हुए। चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए ग्राम पँचायत अधिकारी के साथ पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

## बाइक की आमने-सामने टक्कर में गई राजमिस्त्री की जान, तीन घायल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ।** दो बाइक की आमने-सामने हुई भिड़ंत में राजमिस्त्री समेत चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान घायल मिस्त्री की मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लालगंज कोतवाली के बीजूमऊ निवासी भीम कुमार गौतम (24) राजमिस्त्री था। शुक्रवार की देर शाम वह गांव के वीरेंद्र यादव (25) के साथ बाभन की बखरी जा रहा था। गांव के समीप ही सामने से आ रहे बाइक सवार मधुकरपुर निवासी मुकेश सरोज (20) तथा लालू सरोज (16) के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक पर सवार राजमिस्त्री समेत चारों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। रात दस बजे जिला अस्पताल में इलाज के दौरान राजमिस्त्री की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की बीते नवंबर माह में शादी हुई थी। घटना में घायल अन्य युवकों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## खबर संक्षेप

### चार विद्युत अवर अभियंता के साथ कई कर्मचारियों पर डीएम ने की कार्यवाही

**कौशाम्बी।** विद्युत कार्य बहिष्कार एवं हड़ताल की प्रमुख भूमिका से जुड़े एवं प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग न करने वाले विद्युत विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के बारे में जिलाधिकारी द्वारा जॉच करायी गयी, तत्क्रम में ऐसे विभागीय अधिकारी जिनके द्वारा विद्युत कार्य बहिष्कार/ हड़ताल करके अनिवार्य सेवाओं को बाधित करने तथा इन सेवाओं की बहाली में किसी भी प्रकार का सहयोग न करके अप्रत्यक्षतः असहयोग किया गया,। जिन्हें निलम्बित कर इनके विरूद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्यवाही करने के लिए सक्षम अधिकारी को जिला अधिकारी द्वारा पत्र प्रेषित किया जा चुका है। इन विभागीय अधिकारियों के नाम निम्नवत हैः-श्री विनम्र पटेल, अवर अभियन्ता, विद्युत मंझनपुर-श्री राजाराम, अवर अभियन्ता, विद्युत सिराथू श्री राजेश कुमार, अवर अभियन्ता, विद्युत सिराथू-श्री कपिल तिवारी, अवर अभियन्ता, विद्युत चायल के साथ-साथ विद्युत कार्य बहिष्कार करके अनिवार्य सेवा को बाधित करने वाले लाइनमैन एवं ऑपरेटर्स जिनकी तहसीलवार संख्या कुल-41 बतायी गयी है, के विरूद्ध उ0प्र0 अनिवार्य सेवा रख-रखाव अधिनियम-1966 तथा भारतीय दण्ड विधान की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराने सहित निविदा कर्मियों को सेवा से विलग करने एवं भविष्य में उन्हें किसी भी कार्यदायी संस्था के माध्यम से कार्य पर पुनः नियोजित नही किये जाने की कार्यवाही सम्पादित करने के लिए अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जनपद कौशाम्बी को निर्देशित किया गया है।

# तहसील सिराथू में डीएम एसपी ने सुनी जनशिकायतें

## शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश



फरियादियों की जन समस्याएं सुनते जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील सिराथू में आमजन की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत सुनिश्चित किया जाय तथा आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों को डिफाल्टर होने से पूर्व ही निस्तारित किया जाय एवं शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 80 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया समाधान दिवस में शिकायतकर्ता श्री अर्जुन, निवासी ग्राम-बिदनपुर द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि विपक्षी द्वारा उनकी भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता अनिल कुमार निवासी ग्राम-बिदनपुर, ककोढ़ा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि वरासत में नाम गलत दर्ज है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिराथू को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें।इसी प्रकार तहसील मंझनपुर में कुल 24 शिकायत प्राप्त हुई, जिनमें से 03 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 21 शिकायत प्राप्त हुई, जिनमें से 02 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी राहुल देव भट्ट एवं क्षेत्राधिकारी डॉ0 कृष्ण गोपाल सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## चारागाह चकरोड तालाब की फसल को प्रशासन कब्जे में ले ले तो गौशाला के पशुओं की हो सकती है चारा की व्यवस्था

### सरकारी जमीनों पर दबंगों के खेती करने के मामले में उदासीन है प्रशासन



**कौशाम्बी।** जिले में सरकारी जमीन अनाथ हो गई है सरकारी नुमाइंदे उन्हें देखने को तैयार नहीं है जिससे भू माफियाओं का कब्जा सरकारी जमीनों में है तमाम ग्राम पंचायतों की सरकारी जमीन पर भू माफियाओं ने कब्जा कर लिया है और तमाम जमीन पर भूमाफिया खेती कर फसल उठा ले जा रहे हैं यदि सरकारी संपत्तियों में खेती के मामले को प्रशासन गंभीरता से ले तो कई दर्जन गौशाला में गोवंश के चारा पानी राशन की व्यवस्था सरकारी संपत्तियों की खेती की फसल से हो सकती है लेकिन उसके बाद भी प्रशासन ने सरकारी संपत्तियों में हो रही खेती की फसल को लेने का अभी तक प्रयास नहीं किया है मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऊनो के मजरा कुलौली के चारागाह के 10 बीघा जमीन पर फसल खड़ी है पहले की फसल दबंग काट कर उठा ले गए है लेकिन वर्तमान में फसल लहलहा रही है चकरोड और तालाब में अलग से खेती कर माफियाओं ने फसल खड़ी कर दिया है इसी तरह से उनो गांव के सरकारी जमीन में फसल खड़ी है ऊनो गांव की सरकारी जमीनों में इतनी फसल खड़ी है कि एक गौशाला का साल भर का भूसा और अनाज पशुओं के लिए हो सकता है लेकिन उसके बाद भी गौ संरक्षण केंद्र की देखरेख करने वाले जिम्मेदारों ने सरकारी जमीन के खेतों की फसल और भूसा को अपने कब्जे में लेकर गौशाला पहुंचाने का प्रयास नहीं किया है एक तरफ जिम्मेदार अधिकारी लोगों से भूसा और दाना देने की अपील कर रहे हैं और अपने ही भूसा दाना को वह सुरक्षित नहीं कर पा रहे हैं यह कैसी अंधेर गर्दी है ग्रामीणों ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सरकारी संपत्ति के भूसा और दाना को गौशाला पहुंचाने की अपील की है।

# भवंस मेहता कॉलेज में दहेज प्रथा एक सामाजिक अभिशाप विषय पर व्याख्यान आयोजित

अखंड भारत संदेश




दहेज प्रथा पर वक्तव्य देते लोग

**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय, भरवारी में राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत पांचवें दिन 'दहेज प्रथाः एक सामाजिक अभिशाप विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रत्येक दिन की भांति परिसर की साफ सफाई के साथ हुआ उसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा समवेत स्वर में लक्ष्य गीत गाया गया। भवंस मेहता महाविद्यालय के समाजशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर दीपक कुमार ने दहेज प्रथा के कारणों और उसके समाधान पर सारगर्भित व्याख्यान दिया, अपने व्याख्यान में उन्होंने स्वयंसेवकों को दहेज के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।अपने व्याख्यान के क्रम में उन्होंने बताया कि दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए सभी लड़कियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। व्याख्यान के अगले क्रम में अर्थशास्त्र विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर राहुल राय ने इस विषय पर बोलते हुए बताया कि दहेज को विवाह बन्धन का आधार नही बनाना चाहिए,लड़के और लड़की दोनों को अपने विवाह में दहेज लेने और देने का खुलकर विरोध करना चाहिए न कि मौन स्वीकृति प्रदान करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रमाधिकारी डॉ.धर्मेंद्र कुमार अग्रहरी ने स्वयंसेवको से दहेज उन्मूलन हेतु एक सकारात्मक पहल एवं उसे जड़ से खत्म करने के लिए आत्ममंथन करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## आईजी ने कहा कौशांबी के थाने में तैनात है अतीक की मदद करने वाले खास इंस्पेक्टर

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** अपराधियों की मदद कर करोड़ों की रकम अर्जित करने वाले थानेदार पुलिस महानिरीक्षक के निशाने पर हैं उमेश पाल हत्याकांड के बाद शूटर की तलाश में पुलिस अधिकारी लगे हैं कौशांबी भ्रमण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज ने संकेत दिए हैं कि अतीत की मदद करने वाले इंसपेक्टर में एक इंस्पेक्टर इन दिनों कौशांबी जनपद में तैनात हैं सूत्रों की माने तो अतीक की मददगार इंस्पेक्टर की जो बात आईजी जोन कर रहे हैं वह इंस्पेक्टर इन दिनों सिराथू सर्किल क्षेत्र के थाने में तैनात है बताया जाता है कि यह इंस्पेक्टर पूर्व में पूरामुफ्ती और महेवाघाट जैसे कई थाने में थानेदार रह चुका है थानेदार के कारनामों को पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान लेकर जांच कराई तो उमेश पाल के हत्या में शामिल शूटरों से मधुर संबंध का खुलासा होना तय है हालांकि विभाग में दबी जुबान से अतीक गैंग के खासम खास इंस्पेक्टर का लोग नाम भी ले रहे हैं इसके अलावा भी कौशांबी में एक और सब इंस्पेक्टर पूर्व में तैनात था जो इन दिनों गैर जनपद में है वह सब इंस्पेक्टर भी मंझनपुर करारी सराय अकिल कोतवाली में तैनात रह चुका है इस पर भी अतीक अहमद गैंग का मदद करने का आरोप है पूर्व में तैनात रहे यह सब इंस्पेक्टर अतीक को अपना पिता मानते थे इस सब इंस्पेक्टर की जांच कराई गई तो उमेश पाल की हत्या में शामिल शूटरों तक पहुंचने में पुलिस को देर नहीं लगेगी।

# कई दिन पुरानी सड़ी गली गंध मारती मिली युवक की लाश

## कुएं से लाश मिलने की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी और थानेदार

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत काजू के मजरा हौसी पर के पास एक कुएं में कई दिन पुरानी गंध मारती युवक की लाश मिली है सूखे कुएं से गंध उठने के बाद परेशान ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी कुएं में लाश पड़ी होने की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने अग्निशमन दाल की मदद से कुएं से बाहर लाश निकाली लाश देखकर प्रतीत होता है कि बीस पच्चीस दिन पूर्व युवक की मौत हुई है युवक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जाती है युवक की मौत कैसे हुई है यह अभी रहस्य बरकरार है काफी प्रयास के बाद मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है चरवा पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



कुएं से लाश निकालते अग्निशमन दल के लोग




भवंस मेहता परिवार के साथ मौजूद सेवानिवृत्त कर्मी

## भवंस मेहता के सेवानिवृत्त कर्मी को माल्यार्पण कर किया गया स्वागत

**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता विद्याश्रम के कर्मठ व विद्याश्रम की प्रगति के प्रयत्नशील रहे स्टेट सुपरवाइजर रविन्द्र कुमार सिंह के 60 वर्ष की आयु में 34 साल सेवा देने के उपरान्त भावभीनी विदाई दी गई।विद्याश्रम के प्रधानाचार्य निदेशक महोदय ने रविन्द्र कुमार सिंह को साल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर उनके एवं उनके परिवार के सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए स्वागत किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना किया रविन्द्र कुमार सिंह ने निदेशक संदीप सक्सेना एवं प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव तथा समस्त कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं ये भी कहा की सेवानिवृत्ति के बाद भी भविष्य में जब भी उनकी जरूरत पड़ेगी तब तब वो विद्याश्रम के लिए हाजिर रहेंगे।इस अवसर पर रविन्द्र कुमार सिंह की पत्नी भी मौजूद रहीं जिनको साल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के इस अहम कड़ी में विद्याश्रम के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## चरमराई विद्युत व्यस्था सुधारने में जुटे अधिकारी, 28 घंटे बाद ग्रामीण क्षेत्र में शुरू हुई सप्लाई

**अझुवा कौशाम्बी।** विद्युत विभाग केकर्मचारियों (स्थायी, संविदा,आउट सोर्सिंग) के हड़ताल के कारण विद्युत सप्लाई व्यवस्था चरमरा गई है कस्बों में तो किसी तरह लोग जनरेटर आदि की व्यवस्था कर अपनी विद्युत की दैनिक जरूरतें पूरी कर लेते हैं किंतु ग्रामीण क्षेत्र के लोग विद्युत सप्लाई बाधित होने से अथाह परेशान हो जाते हैं। अझुवा क्षेत्र के कानेमई, टाण्डा, भैरायें, नांदेमई, कनवार सहित कई गांव में पिछले 28 घंटे से विद्युत सप्लाई बाधित रही है आज करीब 4 बजे सिराथू तहसीलदार संतोष कुमार अझुवा के मोबाइल टावरों में कार्यरत मैकेनिकों अनिल कुमार,सुनील कुमार के सहयोग से बनपुरवा, अझुवा का पावरहाउस पहुंचकर विद्युत आपूर्ति चालू कराई है नगर पंचायत अझुवा में भी आज सुबह 8 बजे से सप्लाई बंद हो गयी थी जिसे तहसीलदार संतोष कुमार ने सप्लाई चालू कराया है,विद्युत सप्लाई पाकर ग्रामीण एवम नगरीय क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

# प्रत्येक रविवार को बृजेश मेमोरियल अस्पताल में लखनऊ की चिकित्सक रहेंगी मौजूद

अखंड भारत संदेश



मरीज का इलाज करती महिला चिकित्सक

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत मेहता रोड स्थित बृजेश मेमोरियल अस्पताल में केजीएमसी लखनऊ से प्रशिक्षित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ आरपी पाठक नाम मात्र शुल्क 50 में भरवारी सहित जनपद की गंभीर बीमारी से ग्रसित महिलाओं की जांच रविवार को करेंगी प्रत्येक रविवार को 11:00 से 5:00 तक उक्त अस्पताल में महिला डॉक्टर मरीजों की जांच इलाज के लिए मौजूद रहेंगी यहां यह भी बताना आवश्यक है कि जबसे बृजेश मेमोरियल अस्पताल के प्रमुख डॉ मयंक ने आए दिन नए प्रयोग करते नजर आ रहे है इनके प्रति दिन नए नए अंदाज में डॉक्टरों को बुलाकर यहां की गरीब जनता की मुफ्त सेवा कर अपने दिवंगत पिता चिकित्सक कमलेश केसरवानी के अधूरे सपनों को साकार कर कौशाम्बी की गरीब जनता की जिस प्रकार से प्रयोग कहे या संयोग कर सेवा कर रहे है 'इस से ना केवल भरवारी अपितु जनपद कौशाम्बी का भी नाम रोशन हो रहा है वही मुफ्त की तरह अपना गंभीर से गंभीर उपचार कराकर डॉ मयंक को दुआ देते वा भविष्य में और अग्रसर होने की दुआ देते हुई महिलाएं जाती है 'यहां जबसे लखनऊ की केजीएमसी की विख्यात एवम अनुभवी डॉ रश्मि पाठक को बुलाकर उनके द्वारा सैकड़ो महिलाओं का उपचार कर इतने कम समय में यह अपने आपमें बहुत बड़ी कामयाबी कही जाएगी कुल मिलाकर भरवारी वासियों को एक अनुभवी चिकत्सक महिला मिल जाने से यहां की जनता बहुत ही खुश हैं।

## भूमाफियाओं के कब्जे को पूर्व में हटाने के बाद फिर हुआ कब्जा

### पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट डाक्टर ने बंजर की जमीन पर फिर किया कब्जा

**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र में बंजर भूमि व तालाबी नम्बर चारागाह को भू माफियाओं द्वारा कब्जा किया हुआ है और आलाधिकारी मौन धारण किए हुए हैं लेकिन क्या अधिकारियों को नहीं पता हैं कि भू माफियाओं द्वारा बंजर भूमि पर कब्जा किया जा रहा हैं एक डाक्टर बंजर भूमि पर आलीशान बंगला बनाए हुए हैं क्या इस डाक्टर के ऊपर किसी अधिकारी की नजर नहीं पड़ रही है। गांव में बने घर को बेच कर पशु बिभाग के फार्मासिस्ट में बंजर भूमि पर आलीशान बंगला बनाए हुए हैं और अपने आप को पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट डाक्टर कहलाते हैं उक्त डाक्टर ने अपना तो अपना बंजर भूमि को कब्जा किया हुआ है और अपने दो भाईयो को भी कब्जा कराकर उनका भी मकान बनवा चुका है लेकिन भू माफिया डाक्टर का इतने में कहा पेट भरने वाला है करीब एक बीघे बंजर की जमीन को कब्जा करने के बाद भी और बंजर की जमीन को कब्जा करने में वह लगा हुआ है। जिस बंजर भूमि पर पशु चिकित्सा डाक्टर ने कब्जा किया हुआ था उसकी ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई दिए गए शिकायती पत्र के माध्यम से उपजिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर भू माफिया डाक्टर के कब्जे से बंजर भूमि पर बन रहे घर को बाबा के बुलडोजर से गिरवा दिया था लेकिन भू माफिया डाक्टर ने अभी तक उस बंजर भूमि को खाली नहीं किया है। उपजिलाधिकारी के आदेश को पशु चिकित्सा डाक्टर को कोई फर्क नहीं पड़ा रहा हैं और फिर उसी बंजर जमीन पर कब्जा करने में वह लगे थे लेकिन इसकी जानकारी आलाधिकारी को देने के बाद बंजर भूमि में काम रुकवा दिया गया था। चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कृष्णा डोली के मजरा समसपुर गांव का मामला है जहा पर पशु चिकित्सा डाक्टर ने भू माफिया बन गया है बंजर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करना फार्मासिस्ट की आदत बन गई है जिला अधिकारी को इस पशु डाक्टर के ऊपर ध्यान दे ग्रामीणों द्वारा डाक्टर के खिलाफ कई बार उपजिलाधिकारी से कई बार शिकायत दर्ज कराई गई थी लेकिन भू माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती दिखाई दे रही हैं।

# जनहित की अनदेखी हुई तो कार्यकर्ता करेंगे आंदोलन : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

### बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर सकिपा का फूटा गुस्सा घेरा पावर हाउस, तहसील घेराव कर डी एम को सौंपा ज्ञापन



विद्युत समस्या को लेकर आंदोलन करते समर्थ किसान पार्टी नेता

**कौशाम्बी।** विगत दो दिन से ठप्प विद्युत आपूर्ति से आक्रोशित समर्थ किसान पार्टी के सैकड़ों कार्यकताओं का गुस्सा शनिवार को फूट पड़ा। पार्टी नेता अजय सोनी की अगुवाई में पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता घाटमपुर विद्युत उपकेंद्र का घेराव किया और नारेबाजी की। मौके पर मौजूद रहे पुलिस और सरकारी महकमे के लोग प्रदर्शनकारियों को समझाते रहे लेकिन घाटमपुर पावर हाउस में घंटो हंगामा चालू रहा। मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन के जिम्मेदारों न फोन पर जिलाधिकारी कौशांबी से वार्ता भी करवाई लेकिन प्रदर्शनकारी नही माने और जमकर नारेबाजी की। इतना ही नहीं बल्कि किसान नेता अजय सोनी की अगुवाई में सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता सिराथू धाता मार्ग को जाम करने की कोशिश भी की लेकिन अधिकारियों के मान मनौव्वल के बाद मान गए। नारेबाजी के दौरान जैसे ही सकिपा कार्यकताओं को पता चला कि सिराथू तहसील में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन चल रहा है, तमाम प्रदर्शनकारी सिराथू तहसील का भी घेराव करने का निर्माण किए और दर्जनों की तादात में सिराथू तहसील दिवस पहुंचे और नारेबाजी शुरू कर दी। जिससे मौके पर मौजूद रहे पुलिस विभाग के अधिकारियों और प्रशासन के लोगों में अफरातफरी मच गई। तत्काल जिलाधिकारी कौशांबी ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता की और विद्युत आपूर्ति बहाल करवाने की बात कही। इसी के साथ किसान नेता अजय सोनी ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में घाटमपुर पावर हाउस समेत समूचे जनपद के तमाम पॉवर हाउसों से ठप्प विद्युत आपूर्ति तत्काल बहाल करने की मांग की। साथ ही पेयजल की समस्या के समाधान के लिए गांवों में टैंकर से जलापूर्ति करवाने की भी मांग की जिसपर जिलाधिकारी कौशांबी द्वारा तत्काल उदहिन बुजुर्ग, घाटमपुर, कलुआपुर, पड़री आदि गांवों में टैंकर से जलापूर्ति कराने का आदेश नगर पंचायत सिराथू के अधिशाषी अधिकारी को दिया गया। इसके पूर्व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अजय सोनी ने कहा कि जनहित की अनदेखी की गई तो सड़क पर उतरकर पार्टी कार्यकर्ता आंदोलन करेंगे। आगे कहा कि जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल न हुई तो पार्टी कार्यकर्ता सड़क पर उतरेंगे। इस मौके पर वीरेंद्र तिवारी, चंद्रहास मिश्रा, आदित्य तिवारी, बृजेंद्र तिवारी, राजेंद्र प्रसाद निर्मल, मिथुन कुमार, शिव सिंह पटेल, मुन्ना पटेल, विजय सोनकर, डॉक्टर अरविंद मौर्य, शिवबाबू मौर्य, देवराज लोधी, मुन्ना विश्वकर्मा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### गांजा के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राहुल पासी पुत्र राधे पासी निवासी कोरों थाना मंझनपुर को मंदिर मोड पुनवार चौराह के पास से 280 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग/गस्त के दौरान अभियुक्त राजेश कुमार निषाद पुत्र छेद्दु लाल निवासी नया नगर पुराना बस अड्डा कस्बा व थाना मंझनपुर को नया नगर कब्रिस्तान के पास से एक अदजद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# मच्छरों का बढ़ा आतंक बीमारी फैलने की आशंका में डूबे नगरवासी !

## नही होती फॉगिंग,जनता त्रस्त, नगर प्रशासन मस्त कर्मियों ने बीते कल मंगलवार धुंवा उड़ाया

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** बदलते मौसम से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है शाम होते ही मच्छरों का आतंक फैलता जा रहा इस कारण बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है इसके अलावा नगर पंचायत की गलियों नालियों में जगह-जगह गंदगी मच्छरों के पनपने की मुख्य वजह है नगरवासी मच्छरों से बचाव के लिए हर तरह का प्रयोग कर रहे हैं हालांकि नगर वासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से फागिंग कराने की मांग की हैं।नगर प्रशासन ने बीते कल मंगलवार कुछ वार्डों में धुंवा उड़ाया मच्छर तो नही गए सांस लेने में बढ़ी परेशानी गर्मी के साथ ही मच्छरों का भी आतंक और प्रकोप बढ़ने लगा कस्बे की गंदगी नाले का गंदा पानी सड़कों में गलियों में फैला जगह-जगह कूड़े के ढेर देखे जा रहे हैं जिनसे मच्छरों का आतंक और संक्रमित बीमारियों के फैलने की आशंका प्रबल होती जाती है। मच्छरों को मारने के लिए कीटनाशक दवाओं के छिड़काव को लेकर नगर प्रशासन ने आंखें बंद कर रखी है मच्छर की बढ़ती संख्या का आलम यह है कि रात तो छोड़िए दिन में भी मच्छरों का प्रकोप बना रहता है गौर करने वाली बात यह कि मच्छरों का आकार बढ़ गया। संध्या होते ही लोगों का किसी स्थान पर बैठना मुश्किल हो जाता है घर हो या दुकान हर जगह मच्छरों का आतंक बढ़ गया है सुबह हो या शाम मच्छरों का हमला शुरू हो जाता है इसके चलते संक्रमण का खतरा, बीमारी के भय से लोग दिन में भी मच्छर मारने वाली क्वाइल का उपयोग करते हैं जो सेहत के लिए बहुत ही हानिकारक होती है।वहीं ईओ सुभाष चन्द्र सिंह ने कहा फॉगिंग हो रही है प्रत्येक वार्डों में फॉगिंग और नालियों में एंटिलारवा डलवाया जाएगा।

संपादकीय

## क्या अब संसद में दो विपक्ष हो गये हैं?

वर्षा भम्भाणी मिर्जा

**सरकार** को डर किस बात का है? सबसे बड़ा दल उन्हीं का है तो समिति में सदस्य भी उन्हीं के होंगे। कांग्रेस एक छोटा दल है लेकिन राहुल गांधी के लंदन दौरे के बाद भाजपा यह मानने को तैयार नहीं। वह माफी पर अड़ी है। माफी बनाम अडानी में संसद को उलझा दिया गया है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट, बीबीसी डॉक्युमेंट्री और राहुल गांधी के बयान- इन सबमें सरकार को विदेशी साजिश नजर आती है तो फिर इससे लड़ने की ताकत भी तो संसद में ही तैयार होगी। राहुल तो बहाना है, अडानी से ध्यान हटाना है', क्या सत्तापक्ष जनता को यही संदेश नहीं दे रहा है? संसद के दोनों सदनों में जो इन दिनों चल रहा है, वह देश के लिए किसी कार्यवाही का तो नहीं, व्यवधान का नजारा अवश्य प्रस्तुत कर रहा है। सत्ता पक्ष जैसे विपक्ष की भूमिका में उतर आया है। उसने वही चोला पहन लिया है जो 2014 से पहले पहन रखा था। पक्ष और विपक्ष की बजाय देश को दो-दो विपक्ष दिखाई दे रहे हैं। अब ये दो विपक्ष मिलकर देशहित में कौन से निर्णय लेंगे, यही जनता जानना चाहती है। संसद जहां चुने हुए नुमाइंदे विचार-विमर्श करते हैं, सवाल-जवाब करते हैं, वहां सिर्फ शोरगुल है। फिर उसके बाद संसद ठप हो जाती है। एक पक्ष कहता है 'राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए' और दूसरा अडानी समूह की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग करता है। देश मजबूर है इनका तमाशा देखने के लिए और दुनिया शायद यह भी समझने की कोशिश कर रही है कि जिस राहुल गांधी पर लोकतंत्र के कमजोर होने वाली बात कहने के लिए माफी मांगने का दबाव है वहां भला बोलने की आजादी कहां है? यह हंगामा इसलिए है कि अमेरिका स्थित रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग की अडानी समूह को लेकर आई रिपोर्ट सरकार को किसी फांस की तरह चुभ रही है। निकालते हैं तो रिश्तों का खुलासा हो जाएगा और भीतर है तो दर्द का शोर मचेगा। कुछ दिन पहले केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस को लेकर भी कहा था कि, यह व्यक्ति भारत की स्वतंत्रता पर हमला कर रहा है और भारत के लोकतंत्र को हिलाने का प्रयास कर रहा है। यह भारत के लोकतंत्र में दखल है। जॉर्ज सोरोस ने म्युनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में कहा था कि, अडानी के मामले में 'भारत के प्रधानमंत्री अभी चुप हैं लेकिन उन्हें भारतीय संसद में और विदेशी निवेशकों के सवालों के जवाब देने होंगे।'

## चीन के इरादे

**चीन** की सत्ता लगातार तीसरी बार संभालने वाले शी जिनपिंग ने अब एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि वे अपने देश की सेना को 'ग्रेट वॉल ऑफ स्टील' में तब्दील करना चाहते हैं। चीनी राष्ट्रपति के मुताबिक चीन अपनी संप्रभुता और दुनिया में विकास से जुड़े अपने हितों के लिए सेना को बेहद मजबूत बनाना चाहता है। इन बातों के मायने काफी गहरे हैं। चीन वीटो शक्तिसंपन्न देश है, दुनिया की बड़ी आर्थिक, सैन्य और सामरिक ताकत रखता है। अमेरिका जैसी महाशक्ति से सीधे भिड़ने का दुस्साहस चीन करता है। अभी पिछले दिनों सऊदी अरब और ईरान के बीच चीन की मध्यस्थता के कारण फिर से राजनयिक संबंध बहाल हुए हैं। दोनों ही देश एक-दूसरे की जमीन पर अपने दूतावास एक-दो महीने के भीतर खोलेंगे। सात साल पहले सऊदी अरब और ईरान के बीच राजनयिक संबंध टूट गए थे, दोनों देशों के बीच रिश्ते तल्ख थे। लेकिन अब चीन की दखलंदाजी के बाद मध्यपूर्व के ये दोनों देश फिर से रिश्ते जोड़ने पर राजी हुए हैं। यह घटना वैश्विक राजनीति में चीन के बढ़ते दबदबे का संकेत है। कयास ये भी लग रहे हैं कि अब शी जिनपिंग रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम के लिए पहल कर सकते हैं। हो सकता है अगले सप्ताह वे रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन से भेंट करें। अगर चीन के कहने से रूस और यूक्रेन युद्ध रोकने पर समझौता करते हैं, तो यह बड़ी राहत की बात होगी। लेकिन फिर चीन का प्रभाव और बढ़ जाएगा। क्योंकि अमेरिका और यूरोप के बाकी देश तो युद्ध रोकने की जगह हथियारों की आपूर्ति में लगे हुए हैं। यह उनके लिए मुनाफा कमाने का अवसर है। और भारत की इसमें अहम भूमिका शांति स्थापना में हो सकती है, लेकिन यहां लोग इसी बात से खुश हैं कि हमारे प्रधानमंत्री ने रूस के राष्ट्रपति से युद्ध रोकने की बात कही है। इस बात का कितना असर हुआ, इसका आकलन जरूरी नहीं है। जरूरी यह है कि माहौल बन गया। यही माहौल लाल आंखें वाले बयान से भी बना था। जबकि उसका कोई प्रभाव चीन की अतिक्रमणकारी नीति पर नहीं पड़ा। सीमा पर अब भी भारतीय सैनिकों को निगाह रखनी पड़ रही है कि चीन किसी बहाने से घुसपैठ न करे। प्रधानमंत्री मोदी ने अब तक चीन का नाम लेकर सीधे उसे अपनी हदों में रहने नहीं कहा है। और विदेश मंत्री एस.जयशंकर तो एक कदम आगे बढ़कर सामान्य समझ की बात कर रहे हैं कि चीन हमसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, इसलिए हम उससे न भिड़ें, इसी में अक्लमंदी है। अब चीन अपनी सेना को और मजबूत बनाने की बात कह रहा है, तो उसके इरादे क्या हैं, क्या इसकी पड़ताल भी भारत सरकार इसी डर से नहीं करेगी कि चीन हमसे ताकतवर हुआ तो हम क्या करेंगे। पिछले सप्ताह चीन की संसद सत्र के समापन के दौरान शी जिनपिंग ने 3 हजार सांसदों की मौजूदगी में कहा कि चीन ग्लोबल गवर्नेंस सिस्टम यानी वैश्विक प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार और विकास में सक्रिय भूमिका निभाएगा। माओ त्से तुंग के बाद जिनपिंग तीसरी बार चीन के सर्वोच्च पद पर काबिज हुए हैं। पिछले साल अक्टूबर में तीसरी बार शी जिनपिंग को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का प्रमुख चुना गया था और अब पांच साल के लिए तीसरी बार राष्ट्रपति बनने के साथ-साथ वे सेंट्रल मिलिट्री कमेटी के प्रमुख के तौर पर भी चुने गए हैं, यानी सेना की कमान भी अब उनके ही हाथों में होगी।

# गौरैया के जादूई संसार के विलुप्त होने की त्रासदी

ललित गर्ग-



> मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। मनुष्य के कार्य-व्यवहार से ऐसा मालूम होने लगा है, जैसे इस धरती पर जितना अधिकार उसका है, उतना किसी और का नहीं- न वृक्षों का, न पशुओं का, न पक्षियों का, न नदियों-पहाड़ों-तालाबों का

**सुदूर** अतीत से पिछले एक-दो दशक तक हमारे घर-आंगन में फुदकने वाली गौरैया आज विलुप्ति के कगार पर है। घरों को अपनी चीं-चीं से चहकाने वाली गौरैया अब दिखाई नहीं देती। इस छोटे आकार वाले खूबसूरत एवं शांतिपूर्ण पक्षी का कभी इंसान के घरों में बसेरा हुआ करता था और बच्चे बचपन से इसे देखते हुए बड़े हुआ करते थे। अब स्थिति बदल गई है। गौरैया के अस्तित्व पर छाए संकट के बादलों ने इसकी संख्या काफी कम कर दी है और कहीं-कहीं तो अब यह बिल्कुल दिखाई नहीं देती। इस नन्हें से परिंदे को बचाने के लिए ही पिछले कुछ सालों से प्रत्येक 20 मार्च को ह्यविश्व गौरैया दिवसह्ण के रूप में मनाते आ रहे हैं, ताकि लोग इस नन्हीं-सी चिड़िया के संरक्षण के प्रति जागरूक हो सकें। भारत में गौरैया की संख्या लगातार घटती ही जा रही है। दिल्ली में तो गौरैया इस कदर दुर्लभ हो गई है कि ढूंढे से भी यह पक्षी देखने को नहीं मिलता, इसलिए वर्ष 2012 में दिल्ली सरकार ने इसे राज्य-पक्षी घोषित कर दिया था। विश्व गौरैया दिवस शहरी वातावरण में रहने वाले आम पक्षियों के प्रति जागरूकता लाने हेतु भी मनाया जाता है। ये नेचर फोरेवर सोसाइटी (भारत) और इको-सिस एक्शन फाउंडेशन (फ्रांस) के मिले जुले प्रयास के कारण मनाया जाता है। नासिक निवासी मोहम्मद दिलावर ने घरेलू गौरैया पक्षियों की सहायता हेतु नेचर फोरेवर सोसाइटी की स्थापना की थी। इनके इस कार्य को देखते हुए टाइम ने 2008 में इन्हें हिरोज ऑफ दी एनवायरमेंट नाम दिया था। इस दिवस को मनाने की योजना भी इन्हीं के कार्यालय में एक सामान्य चर्चा के दौरान बनी थी। पर्यावरण के संरक्षण और इस कार्य में मदद की सराहना करने हेतु एनएफएस ने 20 मार्च 2011 में गुजरात के अहमदाबाद शहर में गौरैया पुरस्कार की शुरूआत की थी। गौरैया के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा मानवता पर भी एक प्रश्नचिह्न भी है। गौरैया जैसे बेजुबान पक्षियों का बड़ी संख्या में विलुप्त होना पर्यावरण संतुलन के लिये तो बड़ा खतरा है ही लेकिन इसका असर मानव जीवन पर भी होगा। यह धरती केवल इंसानों के लिये नहीं है, बल्कि वन्य जीवों के लिये भी है, इसलिये पक्षियों का विलुप्त होना या मरना हमारे लिये चिन्ता का बड़ा कारण बनना चाहिए। मौजूदा समय में पशुओं एवं पक्षियों की संख्या का लगातार घटना एक अत्यन्त चिन्ताजनक स्थिति है। पक्षी विज्ञानी हेमंत सिंह के अनुसार गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। यदि इसके संरक्षण के उचित प्रयास नहीं किए गए तो हो सकता है कि गौरैया इतिहास का प्राणी बन जाए और भविष्य की पीढ़ियों को यह देखने को ही न मिले। ब्रिटेन की ह्यरॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डसह्ण ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को ह्यरेड लिस्टह्ण में डाला है। आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह ह्रास ग्रामीण और शहरी, दोनों ही क्षेत्रों में हुआ है। पश्चिमी देशों में हुए अध्ययनों के अनुसार गौरैया की आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है।

गौरैया पक्षी मानवीय लोभ की भेंट तो चढ़ ही रहे हैं, जलवायु परिवर्तन के कारण भी इनकी संख्या लगातार कम हो रही है। कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए पक्षियों का शिकार एवं अवैध व्यापार जारी है। गौरैया जैसे पक्षी विभिन्न रसायनों और जहरीले पदार्थों के प्रति अति संवेदनशील होते हैं। ऐसे पदार्थ भोजन या फिर पक्षियों की त्वचा के माध्यम से शरीर में पहुंचकर उनकी मौत का कारण बनते हैं। भोजन की कमी होने, घोंसलों के लिए उचित जगह न मिलने तथा माइक्रोवेव प्रदूषण जैसे कारण इनकी घटती संख्या के लिए जिम्मेदार हैं। जन्म के शुरूआती पंद्रह दिनों में गौरैया के बच्चों का भोजन कीट-पतंग होते हैं। पर आजकल हमारे बगीचों में विदेशी पौधे ज्यादा उगाते हैं, जो कीट-पतंगों को आकर्षित नहीं कर पाते।

जीवन के अनेकानेक सुख, संतोष एवं रोमांच में से एक यह भी है कि हम कुछ समय पक्षियों के साथ बिताने में लगाते रहे हैं, अब ऐसा क्यों नहीं कर पाते? क्यों हमारी सोच एवं जीवनशैली का प्रकृति-प्रेम विलुप्त हो रहा है? मनुष्य के हाथों से रचे कृत्रिम संसार की परिधि में प्रकृति, पर्यावरण, वन्यजीव-जंगल एवं पक्षियों का कलरव एवं जीवन-ऊर्जा का लगातार खत्म होते जाना जीवन से मृत्यु की ओर बढ़ने का संकेत है। खुद को परिस्थितियों के अनुकूल बना लेने वाली यह चिड़िया अब भारत ही नहीं, यूरोप के कई बड़े हिस्सों में भी काफी कम रह गई है। ब्रिटेन, इटली, फ्राँस, जर्मनी और चेक गणराज्य जैसे देशों में इनकी संख्या जहाँ तेजी से गिर रही है, तो नीदरलैंड में तो इन्हें दुर्लभ प्रजाति के वर्ग में रखा गया है। आवासीय ह्रस, अनाज में कीटनाशकों के इस्तेमाल, आहार की कमी और मोबाइल फोन तथा मोबाइल टॉवरों से निकलने वाली सूक्ष्म तरंगें गौरैया के अस्तित्व के लिए खतरा बन रही हैं। कई बार लोग अपने घरों में इस पक्षी के घोंसले को बसने से पहले ही उजाड़ देते हैं। कई बार बच्चे इन्हें पकड़कर पहचान के लिए इनके पैर में धागा बांधकर इन्हें छोड़ देते हैं। इससे कई बार किसी पेड़ की टहनी या शाखाओं में अटक कर इस पक्षी की जान चली जाती है। इतना ही नहीं कई बार बच्चे गौरैया को पकड़कर इसके पंखों को रंग देते हैं, जिससे उसे उड़ने में दिक्कत होती है और उसके स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ता है। पक्षी विज्ञानियों के अनुसार गौरैया को फिर से बुलाने के लिए लोगों को अपने घरों में कुछ ऐसे स्थान उपलब्ध कराने चाहिए, जहां वे आसानी से अपने घोंसले बना सकें और उनके अंडे तथा बच्चे हमलावर पक्षियों से सुरक्षित रह सकें। गौरैया आजकल अपने अस्तित्व के लिए मनुष्यों और अपने आसपास के वातावरण से काफी जद्दोजहद कर रही है।

ऐसे समय में हमें इन पक्षियों के लिए वातावरण को इनके प्रति अनुकूल बनाने में सहायता प्रदान करनी चाहिए। तभी ये हमारे बीच चह चहायेंगे। मनुष्यों को गौरैया के लिए कुछ ना कुछ तो करना ही होगा, वरना यह भी मॉरीशस के डोडो पक्षी और गिद्ध की तरह पूरी तरह से विलुप्त हो जायेंगे। घरेलू गौरैया पृथ्वी पर सबसे आम और सबसे पुरानी पक्षी प्रजातियों में से एक है। हमें पक्षियों के स्वास्थ्य के प्रति भी सजग होना चाहिए। सरकारों को भी पक्षियों के इलाज एवं जीवन-सुरक्षा के पुख्ते प्रबंध करने चाहिए। भारत की संस्कृति में पक्षियों को दाना एवं पानी डालने की व्यवस्था जीवनशैली का अंग रहा है, इन वर्षों में हमारी यह संस्कृति लुप्त हो रही है, जो गौरैया के विलुप्त होने का बड़ा कारण है।

मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। मनुष्य के कार्य-व्यवहार से ऐसा मालूम होने लगा है, जैसे इस धरती पर जितना अधिकार उसका है, उतना किसी और का नहीं- न वृक्षों का, न पशुओं का, न पक्षियों का, न नदियों-पहाड़ों-तालाबों का। दरअसल हमारे यहां बड़े जीवों के संरक्षण पर तो ध्यान दिया जाता है, पर गौरैया जैसे छोटे पक्षियों के संरक्षण पर उतना नहीं। वृक्षारोपण, जैविक खेती को बढ़ाकर तथा माइक्रोवेव प्रदूषण पर अंकुश लगाकर गौरैया को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। अब भी यदि हम जैव विविधता को बचाने का सामूहिक प्रयास न करें, तो बहुत देर हो जाएगी। प्रेषकः

# जीव का जीवन ही कृषि पर आधारित है

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर भारत प्राकृतिक संसाधनों में सर्वगुण संपन्न वाला एक ऐसा अनोखा देश है जहां सृष्टि की की अपार रहमत बरसी है,बस जरूरत है हमारे अपार समृद्ध जनसांख्यिकीय तंत्र को अपनी विश्व प्रतिष्ठित बौद्धिक क्षमता, कौशलता का उपयोग कर इन्हें विलुप्तता या नष्ट होने से बचाएं, क्योंकि जिस तरह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है, उससे हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए विपत्तियों की स्थिति पैदा कर रहे हैं।आज हमें सबसे अधिक संरक्षरण की जरूरत जल, भूमि और मिट्टी की है और उस भूमि, मिट्टी में हमारी कृषि होती है इसलिए श्लोकों में भी आया है जीव जीवनम् कृषि अर्थात जीव का जीवन ही कृषि पर आधारित है क्योंकि मानव का भाग्य और भविष्य जल, भूमि, मिट्टी इन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर निर्भर है। साथियों बात अगर हम भारत में भूमि की करें तो हम उसे अपनी माता मानते हैं इसलिए श्लोक में आया है कि माता भूमिः पुत्रो अहम पृथव्या - अर्थात भूमि हमारी माता है और मैं भूमि का पुत्र हूं इसलिए यह श्लोक मनीषियों को अपने जीवन में रेखांकित कर भूमि की सेवा और संरक्षण करना वर्तमान समय की मांग है क्योंकि इस भूमि से हमारी कृषि जुड़ी हुई है वैसे भी भारत एक कृषि प्रधान देश है और 70 फीसदी जनसंख्या कृषि पर निर्भर है इसलिए भूमि की रक्षा, सेवा, संरक्षण करना हर भारतीय का परम कर्तव्य है इसमें हम अन्नदाता द्वारा कृषि के रूप में किए गए यज्ञ में अपने सहयोग रूपी आहुति समझना हम आध्यात्मिक रूपी मनीषियों के लिए बेहतर होगा। साथियों बात अगर हम घटती कृषि भूमि,बढ़ते भूमि क्षरण, पड़ित भूमि, शहरीकरण, वनों की कटाई, प्रदूषण जैसे अनेक मुद्दों की करें तो हालांकि सरकार द्वारा इन्हें रेखांकित कर उस अनुरूप अपने रणनीतिक रोडमैप बनाकर क्रियान्वयन करने के क्रम पर कार्य शुरू है और कृषि मंत्रालय सहित अनेक संबंधित मंत्रालयों द्वारा समय-समय पर अनेक वेबीनार, अंतरराष्ट्रीय सम्मिट, सेमिनार, कृषि विशेषज्ञों की सेवाएं लेना इत्यादि क्रम किया जाता है परंतु हमें इस क्षेत्र के लिए तात्कालिक प्रौद्योगिकी की सेवाओं से जल, भूमि और मिट्टी को संरक्षित करने को रेखांकित करना होगा।

साथियों बात अगर हम माननीय पूर्व उपराष्ट्रपति द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी कहा, यह समझना होगा कि प्राकृतिक स्त्रोत जैसे जल, मिट्टी, भूमि अक्षय नहीं हैं, न ही इन्हें फिर से बनाया जा सकता है। मानव का भाग्य और भविष्य इन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर ही निर्भर है।वैज्ञानिक अनुमान के अनुसार देश के अधिकांश राज्यों में अधिकांश भूमि की उर्वरा शक्ति कम हो रही है। देश के एक बड़े भाग में, विशेषकर पश्चिमी और दक्कन के क्षेत्र में मिट्टी सूख कर रेतीली बन रही है। फसलों की सिंचाई के लिए भूजल का निर्बाध दोहन हो रहा है। भूजल का स्तर नीचे आ गया है और मिट्टी की नमी कम हो गई है जिससे उसके जैविक अवयव समाप्त हो रहे हैं। नमी और सूक्ष्म जैविक पदार्थों की कमी के कारण मिट्टी रेत में बदल रही है। मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए, प्राकृतिक जैविक खेती आशा की नई किरण है। पारंपरिक ज्ञान के आधार पर स्थानीय संसाधनों, जैसे गोबर, गौ मूत्र आदि की सहायतासे न केवल कृषि की बढ़ती लागत को कम किया जा सकता है बल्कि भूमि की जैविक संरचना को बचाया जा सकता है। देशी खाद और कीटनाशक, पारंपरिक पद्धति से कम लागत में ही बनाए जाते हैं जिससे किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी।

समय के साथ, भूमि की पैदावार को बढ़ाने के लिए रासायनिक खादों, कीटनाशकों आदि की खपत बढ़ती गई है। विगत दशकों में उर्वरक की खपत अस्सी गुना और कीटनाशकों का प्रयोग छह गुना बढ़ा है जिससे कृषि, भूमि क्षरण के दुष्चक्र में फंस गई है और किसान कर्ज.के। हमारा दायित्व है कि अपनी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ हम धरती माता का भी स्वास्थ्य सुनिश्चित करें। उसकी जैविक उर्वरता बनाए रखें।प्राकृतिक जैविक खेती ही इसका समाधान देती है। यह संतोष का विषय है कि मिट्टी के स्वास्थ्य को बचाने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी स्तर पर, आप जैसी संस्थाओं द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा मिट्टी के स्वास्थ्य को बारह पैमानों पर मापने के लिए, सोइल हेल्थ कार्डस व्यापक पैमाने पर प्रचलित किए गए हैं। मिट्टी की जांच के लिए प्रयोगशालाओं के नेटवर्क का निरंतर विस्तार किया जा रहा है।कृषि हमारी समृद्धि और सम्मान का प्रतीक है। ऋग्वेद में कहा गया है :

**कृषिमित कृषस्व वित्ते रमस्व बहुमन्यमानः**

कृषि करो और सम्मान के साथ धन अर्जित करो मुझे विश्वास है कि प्राकृतिक खेती न सिर्फ हमारे किसानों के जीवन में समृद्धि लाएगी बल्कि धरती माता को सम्मान और स्वास्थ्य भी प्रदान करेगी।

मानव समाज का निर्माण, कृषि के विकास के साथ जुड़ा है। हमारे पर्व, त्योहार, संस्कृति, संस्कार, सभी सदियों तक कृषि केंद्रित रहे हैं। भारतीय शास्त्रों में कहा गया है जीव जीवनम् कृषिःअर्थात जीव का जीवन ही कृषि पर आधारित है।कृषि, हमारी संस्कृति, प्रकृति से अलग नहीं हो सकती।

भारतीय परंपरा में कृषि और ग्रामीण व्यवस्था के ऊपर प्रामाणिक ग्रंथ प्राप्त होते हैं, जैसेः पाराशर कृत कृषि पराशर, पाराशर तंत्र, सुरपाल कृत वृक्षायुर्वेद, मलयालम में परशुराम कृत कृषि गीता, सारंगधर की लिखी उपवनविनोद आदि। हमारे राष्ट्रीय गीत में भी वंदे मातरम् के रूप में धरती माता की वंदना की गई है। उसे सुजलाम सुफलाम अर्थात पावन जल और फल प्रदान करने वाली कहा गया है।

ऐसी धरती की संतान के रूप में, हम उसके स्वास्थ्य, उसके पोषण को कैसे नजरंदाज कर सकते हैं? कृत्रिम रसायन डाल कर, सालों तक उसका दोहन और शोषण कैसे कर सकते हैं! माता के प्रति यह निष्ठुरता, हमारे सनातन संस्कारों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि कृषि, हमारी संस्कृति, प्रकृति से अलग नहीं हो सकती। उन्होंने कृषि अनुसंधान संस्थानों से, भारतीय परंपरा में कृषि और ग्रामीण व्यवस्था पर लिखे गए प्रामाणिक ग्रंथों जैसे : पाराशर कृत कृषि पराशर, पाराशर तंत्र, सुरपाल कृत वृक्षायुर्वेद, मलयालम में परशुराम कृत कृषि गीता, सारंगधर कृत उपवनविनोद आदि पर शोध करने और किसानों को हमारी प्राचीन कृषि पद्धति से परिचित कराने का आग्रह किया। उन्होंने कृषि विश्विद्यालयों से अपेक्षा की कि वे जैविक खेती और प्राकृतिक खेती को अपने पाठ्यक्रमों में शामिल करें तथा कृषि के क्षेत्र में इनोवेशन और उद्यमिता को प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि एक कालखंड था, जब देश में खाद्यान्न का संकट था, जिसके चलते रासायनिक खेती के साथ हरित क्रांति हुई लेकिन अब अलग स्थिति है।

# गौरैया प्राकृतिक सहचरी है।

प्रभुनाथ

**हमारी** सोच अब आहिस्ता-आहिस्ता बदलने लगी है। हम हम प्रकृति और जीव जंतुओं के प्रति थोड़ा मित्रवत भाव रखने लगे हैं। घर की टैरिश पर पक्षियों के लिए दाना-पानी डालने लगे हैं। गौरैया से हम फ्रेंडली हो चले हैं। किचन गार्डन और घर की बालकनी में कृतिम घोंसला लगाने लगे। गौरैया धीरे हमारे आसपास आने लगी है। उसकी चीं-चीं की आवाज हमारे घर आंगन में सुनाई पड़ने लगी है। गौरैया संरक्षण को लेकर ग्लोबल स्तर पर बदलाव आया है यह सुखद है। फिर भी अभी यह नाकाफी है। हमें प्रकृति से संतुलन बनाना चाहिए। हम प्रकृति और पशु -पक्षियों के साथ मिलकर एक सुंदर प्राकृतिक वातावरण तैयार कर सकते हैं। जिन पशु पक्षियों को हम अनुपयोगी समझते हैं वह हमारे लिए प्राकृतिक पर्यावरण को संरक्षित करने में अच्छी खासी भूमिका निभाते हैं, लेकिन हमें इसका ज्ञान नहीं होता। गौरैया हमारी प्राकृतिक मित्र है और पर्यावरण में सहायक है। गौरैया प्राकृतिक सहचरी है। कभी वह नीम के पेड़ के नीचे फुदकती और चावल या अनाज के दाने को चुगती है। कभी घर की दीवार पर लगे आईने पर अपनी हमशक्ल पर चोंच मारती दिख जाती। एक वक्त था जब बबूल के पेड़ पर सैकड़ों की संख्या में घोंसले लटके होते थे,लेकिन वक्त के साथ गौरैया एक कहानी बन गई। हालांकि पर्यावरण के प्रति जागरूकता के चलते हाल के सालों में यह दिखाई देने लगी है। गौरैया इंसान की सच्ची दोस्त भी है और पर्यावरण संरक्षण में उसकी खासी भूमिका भी है। दुनिया भर में 20 मार्च गौरैया संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गौरैया संरक्षण के प्रयास को लेकर अच्छी पहल की है। उन्होंने राज्यसभा सदस्य बृजलाल के प्रयासों को ट्वीटर पर खूब सराहा। उन्होंने कहा कि गौरैया संरक्षण को लेकर आपका प्रयास बेहतरीन और काबिले तारीफ है। राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने अपने घर में गौरैया संरक्षण को लेकर काफी अच्छे उपाय किए हैं। उन्होंने गौरैया के लिए दाना पानी और घोंसले की व्यवस्था की है।जंगल में आजकल पंच सितारा संस्कृति विस्तार ले रही है। प्रकृति के सुंदर स्थान को भी इंसान कमाने का जरिया बना लिया है। जिसकी वजह पशु-पक्षियों के लिए खतरा बन गया है। इंसानों के अधिक दखल से जंगल का पर्यावरण मस्त हो रहा है और पशु पक्षियों के लिए प्रकृति के अनुकूल वातावरण नहीं मिल पा रहा है। जंगल में बढ़ती ऐसी संस्कृत के खिलाफ विराम लगाने की आवश्यकता है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् मोहम्मद ई. दिलावर के प्रयासों से 20 मार्च को चुलबुली गौरैया के लिए रखा गया। 2010 में पहली बार यह दुनिया में मनाया गया। गौरैया का संरक्षण हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इनसान की भोगवादी संस्कृति ने हमें प्रकृति और उसके साहचर्य से दूर कर दिया है। गौरैया एक घरेलू और पालतू पक्षी है। यह इंसान और उसकी बस्ती के पास अधिक रहना पसंद करती है। पूर्वी एशिया में यह बहुतायत पायी जाती है। यह अधिक वजनी नहीं होती। इसका जीवनकाल दो साल का होता है। यह पांच से छह अंडे देती है। भारत की आंध्र यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में गौरैया की आबादी में 60 फीसदी से अधिक की कमी बताई गई है। ब्रिटेन की रॉयल सोसाइटी आफ प्रोटेक्शन आफ बर्ड्स ने इस चुलबुले और चंचल पक्षी को रेड लिस्ट में डाल दिया है। दुनिया भर में ग्रामीण और शहरी इलाकों में गौरैया की आबादी घटी है। गौरैया की घटती आबादी के पीछे मानव विकास सबसे अधिक जिम्मेदार है। गौरैया पासेराडेई परिवार की सदस्य है लेकिन इसे वीवरपिंच परिवार का भी सदस्य माना जाता है। इसकी लंबाई 14 से 16 सेंटीमीटर होती है। इसका वजन 25 से 35 ग्राम तक होता है। यह अधिकांश झुंड में रहती है। यह अधिक दो मील की दूरी तय करती है। गौरैया को अंग्रेजी में पासर डोमेस्टिक्स के नाम से बुलाते हैं। मानव जहां-जहां गया, गौरैया उसका हमसफर बनकर उसके साथ गयी। दुनिया के शहरी हिस्सों में इसकी छह प्रजातियां पायी जाती हैं, जिसमें हाउस स्पैरो, स्पेनिश, सिंउ स्पैरो, रसेट, डेड और टी स्पैरो शामिल हैं। यह यूरोप, एशिया के साथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के अधिकतर हिस्सों में मिलती है। गौरैया घास के बीजों को अपने भोजन के रूप में अधिक पसंद करती है। इस पक्षी को बचाने के लिए वन और पर्यावरण मंत्रालय की ओर से कोई खास पहल नहीं दिखती। दुनिया भर के पर्यावरणविद् इसकी घटती आबादी पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। बढ़ती आबादी के कारण जंगलों का सफाया हो रहा है। ग्रामीण इलाकों में पेड़ काटे जा रहे हैं। ग्रामीण और शहरी इलाकों में बाग-बगीचे खत्म हो रहे हैं। इसका सीधा असर इन पर दिख रहा है। गांवों में अब पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। जिसका कारण है कि मकानों में गौरैया को अपना घोंसला बनाने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है। पहले गांवों में कच्चे मकान बनाए जाते थे। उसमें लकड़ी और दूसरी वस्तुओं का इस्तेमाल किया जाता था। कच्चे मकान गौरैया के लिए प्राकृतिक वातावरण और तापमान के लिहाज से अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराते थे,लेकिन आधुनिक मकानों में यह सुविधा अब उपलब्ध नहीं होती। यह पक्षी अधिक तापमान में नहीं रह सकता। गगनचुम्बी इमारतें और संचार क्रांति इनके लिए अभिशाप बन गयी। शहर से लेकर गांवों तक मोबाइल टावर एवं उससे निकलते रेडिएशन से इनकी जिंदगी संकट में है। देश की खेती-किसानी में रासायनिक उर्वरकों का बढ़ता प्रयोग बेजुबान पक्षियों और गौरैया के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है। केमिकल युक्त रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से कीड़े-मकोड़े भी विलुप्त हो चले हैं।

## परीक्षा का बुखार

डॉ. सुरेश

**हमारे** पड़ोसी के लड़के को 99.9 परसेंट क्यों आए? इसी चिंता में अपने 99 परसेंट वाले लड़के को यह कहकर लताड़ने लगा कि एक परसेंट कहाँ गया। बगल वाले के लड़के को प्वाइंट नाइन अंक क्या अधिक आ गए मेरी छाती पर साँप लौटने लगे। हाँ यह अलग बात है कि मैं अपने समय बॉर्डर पास होने को पाकिस्तान पर जीत से कम नहीं समझता था। ऐसे में अपने बेटे को डाँटना-फटकारना अखरना तो बुरा लगता है, लेकिन न डाँटने पर पड़ोसियों की नजर गैर-जिम्मेदारा माता-पिता का तमगा लग जाता है। आज तो कई काम पड़ोसियों के लानत भरे तमगों से बचने के लिए करते हैं। भारत रत्न जितना सम्मानजनक होता है, उतना ही पड़ोसियों का तमगे से बचे रहना उससे कहीं कम नहीं है। पड़ोसियों की देखा-देखी यह पूछना कि प्वाइंट नाइन परसेंट कहां कटा आया? अक्ल कहाँ भूंसा चरने गई थी, कहना संवेदनशील माता-पिता होने का प्रतीक है। और तो और बगल वाले बच्चों से जब तक तुलना न कर दो तब तक हलक के नीचे निवाला उतरने का नाम नहीं लेता। पड़ोसी भी मानो पड़ोसी न हुए हमारे डायटिशियन हो गए। बच्चों के अंक में प्रश्नों के उत्तर छिपे हों या न हों लेकिन माता-पिता की नाम अवश्य छिपी होती है। जितने अंक कम होंगे नाक उतनी ही अधिक कटेगी। दोनों का ग्राफ विरोधाभासी स्वभाव का अधीन होता है। यही कारण है कि बच्चे सदा स्कूल बंद रहने की इच्छा व्यक्त करते हैं। नो एग्जाम नो टेंशन। उनकी ख्वाहिश है कि चुनावों की तरह इम्तिहान भी पांच साल बाद ही होने चाहिए।

# प्रधानमंत्री के पंच प्रण को साकार करें युवाः सांसद

## पीएम पंच प्रण जिला स्तरीय युवा उत्सव सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नेहरू युवा केंद्र ने प्रधानमंत्री के पंच प्रण आधारित जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारम्भ सांसद आरके सिंह पटेल ने दीप जलाकर किया। बतौर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, प्राचार्य गोस्वामी तुलसीदास डिग्री कालेज डा विनय कुमार चैधरी की मौजूदगी में जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए केंद्र की गतिविधियों व जिला युवा उत्सव रूपरेखा पर रोशनी डाली।

शनिवार को जिला पंचायत सभागार में युवा भाषण, युवा कलाकृति, पेटिंग, मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता, काव्य लेखन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के सदस्य डा अमित सिंह, डा हेमंत, डा गजेंद्र, डा राम नरेश, डा गौरव पाण्डेय, डा रचित, डा मुकेश कुमार, डा अतुल, डा राकेश, डा राजेश पाल, डा धर्मेंद्र, डा आशुतोष, डा सीमा कुमारी, डा वंश गोपाल, डा नीरज गुप्ता ने अलग-अलग विधाओं पर अंक देते हुए विजेता घोषित किए। भाषण प्रतियोगिता में




प्रथम विजेता भानुजा मिश्रा को पांच हजार रुपये, कोमल शिवहरे को द्वितीय दो हजार रुपये, रेणुका द्विवेदी को तृतीय एक हजार रुपये का चेक सांसद ने नेहरू युवा केंद्र की ओर से भेंट किये। सांसद ने युवाओं से कहा कि प्रधानमंत्री के पंच प्रण को साकार करने को मार्गदर्शन दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मणिपुरी, दीवारी, हरियाणवी लोकनृत्य पेश किये गये। दिवारी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति हुई। समापन समारोह में जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय, पर्यावरण विद रामबाबू तिवारी, लेखाकार शुभम, प्राचार्य डा विनय चैधरी ने विजेताओं का मनोबल बढाते हुए पुरस्कार दिये। कार्यक्रम में तुलसीदास डिग्री कॉलेज की टीम डा सीमा कुमारी, डा वंशगोपाल की अहम भूमिका रही। लेखाकार शुभम, युवा मंडल अध्यक्ष चेतन तिवारी, पर्यावरण विद रामबाबू तिवारी, स्वयं सेवक अमन, कुलदीप, नितिन, कार्यालय कर्मचारी अनुपम, राजकरण ने भी अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों वन विभाग, खादी ग्रामोद्योग, कौशल विभाग, चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विभाग, उद्योग विभाग, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, लीड बैंक, कृषि विभाग तथा गोस्वामी तुलसी दास डिग्री कॉलेज के विज्ञान प्रदर्शनी लगाकर युवाओं को जागरूक किया। संचालन डॉ वंशगोपाल ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता डॉ अश्वनी अवस्थी, पंकज अग्रवाल, शिवाकान्त पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# फटाफट खबरें

## व्यवहार कौशल-आर्थिक साक्षरता पर आंगनबाडियों को दिया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के जाग्रति प्रोजेक्ट के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी ब्लॉक सभागार मे बाल विकास परियोजना अधिकारी पहाड़ी महेंद्र कुमार पटेल की टीम ने आंगनबाडी कार्यकत्रियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया।

शनिवार को ममता एचआईएमसी के जिला समन्यवक राजीव कुमार पाठक ने व्यवहार कौशल व आर्थिक साक्षरता पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि आर्थिक साक्षरता किसी भी व्यक्ति की धनराशि को प्रबंधित करने की क्षमता है, ये ऐसा कौशल है जो व्यक्ति को बड़े से बड़े बित्तीय निर्णय लेने मे मदद करता है। बचत करने के तरीके और किसी भी ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन, समस्या समाधान एवं निर्णयन, टीम निर्माण एवं नेतृत्व के बारे मे प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम मे बीसी पुष्पा सिंह व उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सरकार की मंशा है: वायदा करो, मुकर जाओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने बिजली कर्मियों की हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार को लिखित समझौते पर अमल करना चाहिए।

शनिवार को भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि बिजली कर्मचारी संघर्ष समिति के लिखित समझौते पर सरकार को अमल करना चाहिए। जब सरकार के मंत्री समझौता से मुकरे तो फिर ये हड़ताल बिजली कर्मचारियों पर थोपी जा रही हैं। सरकार को जनता की परवाह नहीं है कि इस हड़ताल से कितने गांवो में अंधेरा हैं, लेकिन ये सरकार वायदा खिलाफी की माहिर बन चुकी है। इसी प्रकार किसानों के साथ भी सरकार ने वायदा खिलाफी की है। अब तो सरकार की मंशा ही बन चुकी हैं, वायदा करो फिर मुकर जाओ।

## समस्या ग्रस्त व्यक्ति को दें निदान की जानकारी: कमिश्नर, आयुक्त व डीआईजी की मौजूदगी में हुआ समाधान दिवस




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मंडल के आयुक्त आरपी सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ विपिन कुमार मिश्रा की मौजूदगी में तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयुक्त बांदा ने फरियादियों की शिकायतें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए।

शनिवार को मंडलायुक्त आरपी सिंह ने एसडीएम कर्वी से कहा कि भूमि विवाद के मामले पुलिस व राजस्व टीम को मौके पर भेजकर निस्तारित करायें। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार समय सीमा के भीतर समस्यायें निस्तारित करें। समस्याओं के निस्तारण पर गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। शासन से निस्तारण बाबत समस्या ग्रस्त व्यक्ति से वार्ता भी की जाती है। समस्या ग्रस्त व्यक्ति को निदान की जानकारी दी जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस की पिछली शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता भी देखी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम सदर राजबहादुर, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, नायब तहसीलदार रामानंद मिश्रा, नायब तहसीलदार मंगल सिंह, बीडीओ आस्था पांडेय, सीडीपीओ बीएल गुप्ता, डीएसओ दिलीप कुमार समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संतोष कुमार ने जिले का नाम किया रोशन



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर क्षेत्र के खरौंध गांव के चैकीपुरवा में छोटी सी किराना दुकान चलाने वाले मोतीलाल गुप्ता के सुपुत्र एवं प्रभास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग के बड़े भाई संतोष कुमार ने एसएससी सीजीएल की परीक्षा में सफलता प्राप्त करके भारत सरकार के नियंत्रक महालेखा परीक्षक (कैग) में लेखा परीक्षक (ऑडिटर ऑफिसर) के पद पर चयनित हुए हैं। इससे क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई है।

शनिवार को पहली बार में ही बड़ी सफलता पाने पर सैकड़ों लोग सोशल मीडिया व फोन से बधाई दे रहे हैं। संतोष कुमार ने हाईस्कूल की शिक्षा त्यागी इंटर कॉलेज एवं इंटरमीडिएट की शिक्षा जिले के चित्रकूट इंटर कॉलेज से प्राप्त की है। घर पर ही रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की ऑनलाइन तैयारी करके एसएससी सीजीएल 2021 की परीक्षा उत्तीर्ण की है। संतोष कुमार अगले लक्ष्य के रूप में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर देश की सेवा में अपना योगदान देने के प्रति संकल्पित हैं।

## गंगा में नहाते समय मासूम बच्चे की डूबने से हुई मौत

**स्याना (बुलंदशहर)।** नरसेना थाना क्षेत्र के अंतर्गत रिपोटिंग बुगरासी चौकी क्षेत्र के गाँव फरीदाबाँगर निवासी सोनू के 6 वर्षीय बेटे मोनू की गंगा मे डूबने से मौत हो गई।सूचना मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया।सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।मगर परिजनों ने कोई भी कार्यवाही कराने से मना कर दिया।

जानकारी के अनुसार बच्चा परिजनों के साथ खेतों पर लगी पलेज पर था जो खेलते खेलते गंगा में नहाने लगा और गहरे पानी में चला गया परिजन सूचना मिलते ही बच्चे को तलाशने गंगा में कूद गये और बच्चे को बहार निकाल लिया और बच्चे को घर लाकर डाक्टर के पास ले जाने लगे लेकिन तब तक बच्चे ने दम तोड दिया परिवार में कोहराम मच गया और गाँव वाले फौरन बच्चे के घर की तरफ दौड पडे।बच्चे को देखने को गाँव वालों का तांता लग गया।सूचना मिले ही पुलिस भी पहुच गई गाँव वालो ने कोई भी कार्यवाही कराने से मना कर दिया। जानकारी के अनुसार परिजनों ने गमगीन माहौल में बच्चे के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# विद्युत कर्मियों की 72 घंटे से जारी है हड़ताल, शीर्ष प्रबंधन की बन्द करें स्वेच्छाचारिता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने केंद्रीय आवाहन पर 72 घंटे हड़ताल की। तीन दिसंबर 2022 को हुई वार्ता लागू करने को सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने जोर दिया। शनिवार को पुरानी बाजार स्थित विद्युत कार्यालय में दूसरे दिन 72 घंटे हडताल जारी रहे। तीन दिसम्बर 2022 को ऊर्जा मंत्री के लिखित समझौते को लागू करने को 15 दिन का समय लिया गया था, साढे तीन माह बीतने के बाद भी एक भी बिंदु पर कोई कारवाई नहीं हुई। इससे आक्रोशित बिजली कर्मचारियों ने बाध्य होकर 15 मार्च से कार्य बहिष्कार शुरू कर 16 मार्च की रात 10 बजे से हड़ताल शुरू होकर 72 घंटे तक जारी है।

सभी अधिकारियों ने अपने सीयूजी नंबर कार्य बहिष्कार तक




मोबाइल से निकाल कर जिला संयोजक के पास जमा करवाए हैं। समझौता पत्र पर कार्रवाई न होने के दौरान किसी अधिकारी एवं कर्मचारी का उत्पीडन होने पर बेमियादी हड़ताल शुरू की जायेगी। समझौता पत्र में चैदह सूत्रीय मांगों में खासतौर पर ऊर्जा निगमों में चेयरमैन, प्रबंध निर्देशको की नियुक्ति प्रदेश सरकार के मेमोरंडम आफ आर्टिकल के संशोधित आदेश के तहत किया जाये। सभी बिजली अधिकारी-कर्मचारी को पूर्व की भांति पद्योनति वेतन मान दिया जाये। सभी संविदा कर्मियों को समान कार्य का समान वेतन दिया जाए। पावर सेक्टर इम्प्लाइज प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। विद्युत पारेषण के निजीकरण बन्द किया जाए। विद्युत उत्पादन गृहो ओवरा एवं अनपरा के तापीय नयी यूनिटों का निजीकरण बन्द किया जाए। शीर्ष प्रबंधन की स्वेच्छाचारिता पर रोक लगायी जाये। ऊर्जा के निगमों को एकीकृत किया जाये। इस मौके पर जिला संयोजक एसडीओ शिवम गुप्ता, आशीष सिंह, रमाशंकर गुप्ता, सुभाष चन्द्र, ओपी कुशवाहा, अनिल सिंह, राहुल सिंह, अवर अभियंताओं में शैलेश प्रजापति (अध्यक्ष), उमाशंकर यादव (सचिव), अनुपम कुमार, महेश कुमार मौर्य, रंजीत प्रजापति, प्रदीप गुप्ता, करन सिंह, ईश्वर सिंह, मनीष कुमार, दीपक कुमार, सौरभ अग्रहरि, गिरीश कुमार, दारा सिंह, नोडल में शिवप्रकाश अवस्थी, विनोद कुमार, शिवप्रसाद राही, उन्मतलाल, अनिरुद्ध कुमार, दिलीप कुमार आदि संविदा कर्मी मौजूद रहे।

# डीएम-सीडीओ ने विद्युत समस्याओं के समाधान को दिये निर्देश

## कंट्रोल रुम का किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कलेक्ट्रेट में स्थापित कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर विद्युत कर्मियों की हडताल को लेकर लो वोल्टेज की आ रही शिकायतों को संज्ञान में लेकर तत्काल समाधान के निर्देश दिये। शनिवार को डीएम अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने कंट्रोल रुम में तैनात कर्मियों की हाजिरी चेक की। एडीएम को निर्देश दिये कि सभी उप जिलाधिकारियों से सूचना ली जाए कि जो संविदाकर्मी लगाए गए हैं, वह विद्युत संचालन का कार्य कर रहे हैं अथवा नहीं। जो संविदा कर्मी विद्युत संचालन में रुचि नहीं ले रहे, उनके खिलाफ कार्यवाही को पत्र भेजा जाये।

उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से अपेक्षा की है कि अध्यापकों व




लेखपालों की मौजूदगी तथा पेयजल समस्या से संबंधित विकास भवन में संचालित कंट्रोल रूम को भी इससे जोड़ दिया जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत संचालन में लापरवाही बरतने वाले संविदा कर्मियों को चिन्हित कर कार्यवाही को पत्र भेजा जाए। उन्होंने कंट्रोल रूम में संचालित नंबर 05198-298090, 8765473609 एवं 873799 1456 की क्रियाशीलता जांची। उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिए कि जो विद्युत से संबंधित शिकायतें आ रही हैं, तत्काल अधिशासी अभियंता विद्युत को बताएं, ताकि निस्तारण हो सके। इसमें कोई लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। निरीक्षण में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम रामजन्म यादव समेत संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# बीजेपी प्रत्याशी के दबाव में स्थगित हुआ चुनावः अनुज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी उत्तरी किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड का चुनाव स्थगित होना राजनीतिक रंग लेता नजर आ रहा है। सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने स्थगन संबंधी आदेश को अपने फेसबुक अकाउंट पर शेयर किया है और दावा किया है कि बीजेपी प्रत्याशी हार की डर से निर्वाचन अधिकारी पर दबाव बनाकर चुनाव स्थगित कराया है।



गौरतलब है कि जिले में किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड की चुनाव प्रक्रिया चल रही है। इसमें मोड़ तब आया, जब 15 मार्च को पहाड़ी उत्तरी के निर्वाचन अधिकारी राममूरत ने जिला सहकारी निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी को पत्र भेजकर वहां की निर्वाचन प्रक्रिया के स्थगन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 मार्च को शाम तीन बजकर 40 मिनट पर समिति पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। इससे प्रतीत होता है कि कभी भी दंगा-बलवा हिंसा होने की पूरी संभावना है। ऐसी स्थिति में निष्पक्ष चुनाव कराना संभव नहीं है। ऐसे में वह समिति की निर्वाचन प्रक्रिया को स्थगित करने की घोषणा करते हैं। पत्र की प्रतिलिपियां उन्होंने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता और उपायुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता बांदा को भी भेजी हैं।

उधर, अब यह पूरा मामला राजनीतिक रूप लेता नजर आ रहा है। सपा जिलाध्यक्ष ने इस पत्र को अपने फेसबुक अकाउंट में शेयर किया है और दावा किया है कि बीजेपी प्रत्याशी ने सपा प्रत्याशी से हार की डर से निर्वाचन अधिकारी पर दबाव बनाकर चुनाव स्थगित करा दिया है। सपा जिलाध्यक्ष ने अपनी पोस्ट में बलवे की आशंका पर प्रश्नचिह्न लगाया है। उन्होंने कहा है कि मामला सदर विधानसभा क्षेत्र के पहाड़ी ब्लाक स्थित पहाडी उत्तरी किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड का है, जबकि जहां चुनाव होना है, उससे पांच सौ मीटर की दूरी पर थाना है।

# राजातालाब के तीन दिनों से गायब तीन बच्चों की माँ मिर्जापुर रेलवे स्टेशन से बरामद

**वाराणसी। राजातालाब** चौराहे से तीन दिन पहले गायब तीन बच्चों की माँ स्थानीय पुलिस के सहयोग से राजातालाब थाना क्षेत्र के कचनार गांव की रहने वाली महिला राजातालाब चौराहे से सोमवार को गायब तीन बच्चों की माँ को पति ने मिर्जापुर रेलवे स्टेशन से बरामद किया।

महिला के पति लक्ष्मण सोनकर ने शुक्रवार को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मेरी पत्नी ज्योति सोनकर रहस्यमय ढंग से गायब हो गई थी। जिसके बाद हमारे परिजनों, रिश्तेदारों की ओर से काफी खोजबीन किया गया।लेकिन जब गायब हुई पत्नी की जानकारी नहीं मिली तो राजातालाब थाना में पत्नी के गायब होने का मामला गुमशुदगी दर्ज कराया। जिसके बाद पुलिस हरकत में आते हुए जब मोबाइल लोकेशन को ट्रेक किया गया तो मोबाइल का अंतिम लोकेशन मिजार्पुर रेलवे स्टेशन के आस-पास आया। जिसके बाद परिजनों के साथ मिजार्पुर पहुँचे और रिश्तेदारों के सहयोग से रेलवे स्टेशन पर खोजबीन कर पत्नी को बरामद किया। महिला से गायब होने का कारण पूछा गया तो बताया कि चौराहे पर विन्ध्याचल जाने के लिए गलत आटो में बैठ गई थी।

# न्यूज झरोखा

## नशा मुक्ति केंद्र में युवक की संचालक ने पीट-पीटकर की हत्या

**गाजियाबाद। थाना** ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र में एक नशा मुक्ति केंद्र संचालक ने एक युवक की पीट -पीटकर हत्या कर दी। आरोपी घटना के बाद से फरार है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र में अविस्का फाउंडेशन के नाम से नशा मुक्ति केंद्र है जिसका संचालक विपिन ठाकुर है। आरोप है कि संचालक विपिन ठाकुर ने अपने साथियों के साथ मिलकर अंकित बत्रा निवासी दिल्ली पश्चिम विहार को पीट-पीटकर उसका मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद से नशा मुक्ति केंद्र से सभी लोग फरार हो गए। घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि अंकित बत्रा का कई महीनों से नशा मुक्ति केंद्र में इलाज चल रहा था गुरुवार को भी अंकित बत्रा को नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था। मामले में मृतक की पत्नी द्वारा थाने में तहरीर दी गई है, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## गन्ना क्रय केन्द्र पर तमंचों से लोगों को आतंकित करने के लिए फायरिंग

**अनूपशहर(बुलंदशहर)। कर्ण**वास मार्ग पर गांव भैरिया के गन्ना क्रय केन्द्र पर तीन बाइक सवारों द्वारा हवा में तमंचों से लोगों को आतंकित करने के लिए फायरिंग कर भाग गए शुक्रवार को दोपहर के समय तीन बाइक पर सवार चार लोगों ने आतंकित करने के उद्देश्य से भैरिया स्थित गन्ना क्रय केन्द्र पर तमंचों से फायरिंग करके मौके से भाग गए।

घटना के दौरान सड़क पर जा रही एक कार में भी गोली लगने की जानकारी ग्रामीणों से मिली है। कार चालक भी भयभीत होकर तेजी के साथ भाग गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस को मौके पर कारतूस के दो खोखे भी मिले है। घटना के बाद आस-पास के खेतों में काम कर रहे किसानों में हड़कंप मच गया।
कोतवाली प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना के बाद पुलिस को मौके पर कारतूस के दो खोखे बरामद हुए हैं। आरोपियों का पता लाया जा रहा है।

## हाई कोर्ट से स्टे आर्डर के बावजूद भूमि पर जबरदस्ती जुताई का आरोप, मुकदमा दर्ज

**स्यानान(बुलंदशहर)। नरसेना** थाना के अंतर्गत रिपोटिंग बुगरासी चौकी क्षेत्र के गांव घुँघरावली निवासी आशीष शर्मा पुत्र सतीश शर्मा ने रिपोटिंग चौकी में 12 लोगों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर देकर बताया कि पीड़ित की भूमि पर वर्ष 2010 में हाई कोर्ट का स्टे ऑर्डर है। जोकि मुकदमा हाईकोर्ट में विचाराधीन है।

आरोप है कि पीड़ित की जमीन उनकी टुबेल पर आलू की फसल और बरसीम की जबरदस्ती जुताई करी और उनकी मशीन व इंजन उखाड़ दिए। और पीड़ित की ट्यूबेल पर ही पीड़ित के परिवार के साथ गाली गलौज की और लाठी डंडा तथा फरसा साथ में लाए। पीड़ित ने 12 लोगों के खिलाफ बुगरासी रिपोटिंग चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिसमें से एक को धारा 151 के अंतर्गत चालान कर दिया है। और दबिश दी जा रही है।

## जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने हड़ताल पर बैठे विद्युत अधिकारी कर्मचारियों के बीच पहुंचकर की वार्ता

**बुलंदशहर। उत्तर** प्रदेश में बिजली कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगो को लेकर हड़ताल कार्य बहिष्कार पर जाने से जनपद में विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने विद्युत विभाग के कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों से जाकर वार्ता की गई धरना प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए कहा कि जनपद में आवश्यक सेवाओं वाले स्थलों पर विद्युत आपूर्ति बाधित न होने पाए। संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार से विद्युत आपूर्ति बाधित न की जायेगी। इसके साथ ही सब स्टेशन से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बनायें रखने के लिए कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न की जायें।
विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार के दौरान विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के लिए तकनीकी कर्मचारियों की उपलब्धता बनाई रखी जाए जिससे जनपद में विद्युत आपूर्ति को सुचारू रूप से बनाये रखा जा सके। इस मौके पर मुख्य अभियंता विद्युत, तीनो अधीक्षण अभियंता उपस्थित रहे।

## गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली और बस की भिड़त में बस चालक घायल

**बिजनौर/अफजलगढ़,।** गन्ने की भरी ट्रैक्टर टोली में बस ने पीछे से मारी टक्कर।
घटना में बस चालक को गंभीर चोट। करीब 01.50 बजे थाना रेहड पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रायपुरी में एनएच -74 काशीपुर देहरादून राजमार्ग पर देहरादुन से हल्द्वानी जा रही बस सं0 वङ04ढअ1681 नें गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टक्कर मार दी।

उक्त दुर्घटना में बस चालक 1.अरविन्द कुमार पुत्र एलम सिंह नि0ग्राम बगडौली थाना ननौता सहारनपुर गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे अन्य बस के चालक/परिचालक इलाज हेतु अपने साथ काशीपुर ले गये व ट्रैक्टर चालक 2.अख्तर अली पुत्र शब्बीर नि0 रामजीवाला थाना बढापुर बिजनौर एवं बस में सवार 3.हरीश कुमार पुत्र बसंतलाल नि0 मौ0 मोनालिसाल अल्मोडा, 4.अमन धीमान पुत्र किशनगोपाल नि0 शुगरमिल थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर, प्रभा खण्डूरी पत्नी सत्यजीत खंडूरी नि0 श्रीनगर, उत्तराखंड व 6.पंकज पुत्र कैलाश प्रसाद नि0 काठगोदम को भी चोटे आयी थी जिन्हे प्राथमिक उपचार के पश्चात उनके गंतव्य के लिये रवाना किया गया। यातायात व्यवस्था सुचारु है।

# विदेश संदेश

## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आग से एक ही परिवार के 10 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक घर में आग लगने से एक ही परिवार के दस लोगों की मौत हो गयी। तीन लोग घायल हुए हैं, जिन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक व्यक्ति लापता बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहिस्तान जिले के सेरी पट्टन क्षेत्र के एक घर में अचानक भीषण आग लग गयी। मौके पर पहुंचे राहत व बचाव कर्मियों ने आग की चपेट में आए तेरह लोगों को बाहर निकाला, जिनमें से दस लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। तीन लोग गंभीर रूप से घायल थे, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बचाव कर्मियों के मुताबिक आग लगने से पहले घर में चौदह लोग मौजूद थे। एक व्यक्ति लापता बताया जा रहा है, जिसकी तलाश की जा रही है।बताया गया कि खैबर पख्तूनख्वा के इस पहाड़ी इलाके में अधिकतर घर लकड़ी के बने होते हैं, जो आग लगने की घटना में पूरी तरह तबाह हो जाते हैं। अग्निकांड का शिकार घर में भी यही हुआ। राहत कर्मियों ने बताया कि घर की छत में आग लगी थी, जिसके बाद छत टूट कर परिवार के लोगों पर गिर गई। बताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट से आग लगी। पुलिस का कहना है कि मृतक और घायल सभी एक ही परिवार से हैं। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के गवर्नर गुलाम अली और कार्यकारी मुख्यमंत्री आजम खान ने घटना पर दुख जताया और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।



## चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 20 से 22 मार्च तक रूस की यात्रा पर रहेंगे

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 20 से 22 मार्च तक रूस की यात्रा पर रहेंगे। उनकी इस पहल को यूक्रेन से युद्ध के बीच में रूस को चीन के समर्थन के रूप में देखा जा रहा है। चीन के राष्ट्रपति के रूप में तीसरे कार्यकाल की ताकतवर शुरुआत करने के बाद से ही शी जिनपिंग की रूस यात्रा को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद जिस तरह यूक्रेन को पश्चिमी जगत का भरपूर समर्थन मिला है, उस दौर में जिनपिंग की रूस यात्रा को चीन के समर्थन के रूप में देखा जा रहा है। अब चीन के विदेश मंत्रालय ने  घोषणा की है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग 20 से 22 मार्च तक रूस की यात्रा करेंगे। इस दौरान वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के साथ बातचीत भी करेंगे।चीन के राष्ट्रपति के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल का समर्थन करने के बाद शी जिनिपंग पहली विदेश यात्रा पर जा रहे हैं। ऐसी अटकलें भी लग रही हैं कि पिछले 10 वर्षों से पुतिन के करीबी सहयोगी रहे शी जिनपिंग यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता शुरू करने का प्रयास कर सकते हैं। शी के यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से भी फोन पर बातचीत करने की उम्मीद है।

## युद्ध अपराध में पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट पर आया रूस का बयान

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय  के गिरफ्तारी वारंट पर रूस ने अपने बयान में कहा कि कानूनी दृष्टिकोण से यह हमारे लिए कोई मायने नहीं रखता, क्योंकि वह 2016 में आईसीसी संधि से हट गया था। वारंट को खारिज करते हुए रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि रूस रोम स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय का सदस्य नहीं है और इसके नियमों का पालन करने के लिए बाध्य नहीं है। उन्होंने कहा कि रूस का अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के साथ कोई सहयोग नहीं है, इसलिए इसके द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट हमारे लिए कानूनी रूप से अमान्य हो जाएगा।  इस बीच, रूस के पूर्व राष्ट्रपति और रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने पुतिन के खिलाफ आईसीसी के गिरफ्तारी वारंट की तुलना टॉयलेट पेपर से की है। मेदवेदेव ने टॉयलेट पेपर की इमोजी के साथ ट्वीट किया, आईसीसी ने व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इस पेपर का इस्तेमाल कहां किया जाना चाहिए।, इसकी वर्णन करने की जरूरत नहीं है।

## पीएम मोदी के लिए डिनर की मेजबानी करेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन इस साल के मध्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए डिनर की मेजबानी कर सकते हैं। पिछले महीने ही सामने आया था कि बाइडन प्रशासन ने इसके लिए पीएम मोदी को न्योता भी भेजा है। अफसरों ने कहा है कि व्हाइट हाउस जून में ही भारतीय प्रधानमंत्री की मेजबानी करना चाहता है, हालांकि इसकी टाइमिंग आगे-पीछे हो सकती है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध :संघर्ष विराम की चीन की मांग का अमेरिका ने किया विरोध

**वाशिंगटन।** यूक्रेन पर रूस के हमले के एक साल से अधिक समय बाद भी युद्ध रुक नहीं रहा है। अब दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम को लेकर अमेरिका और चीन के मतभेद सामने आए हैं। अमेरिका ने यूक्रेन में संघर्ष विराम संबंधी चीन की मांग के विरोध की बात कही है।यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद अमेरिका सहित पश्चिमी जगत खुलकर यूक्रेन के साथ खड़ा नजर आ रहा है। पश्चिमी जगत के अनेक बड़े नेता यूक्रेन का दौरा भी कर चुके हैं। अब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले सप्ताह रूस के दौरे पर जा रहे हैं। जिनपिंग के रूस दौरे को युद्ध के दौर में रूस के साथ चीन के खड़े होने के रूप में माना जा रहा है। माना जा रहा है कि रूस दौरे के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी



जिनपिंग रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मुलाकात के दौरान यूक्रेन में संघर्ष विराम की मांग करेंगे। अमेरिका ने ऐसी किसी मांग का विरोध किया है।

अमेरिकी का राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि अमेरिका यूक्रेन में संघर्ष विराम की चीन की मांग का विरोध करता है क्योंकि इससे रूस को फायदा होगा और क्रेमलिन को एक नये आक्रमण की तैयारी करने में मदद मिलेगी। चीन के आधिकारिक नाम पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के संक्षिप्तीकरण पीआरसी का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने कहा कि हम निश्चित तौर पर संघर्ष विराम की मांग का समर्थन नहीं करते हैं जिसका आह्वान पीआरसी मॉस्को में एक बैठक में करेगा, जिससे रूस को फायदा होगा। अमेरिका पिछले एक साल से रूस के आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन की मदद कर रहा है। वह चिंतित है कि युद्धविराम को प्राथमिकता देने से रूसी बलों पर दबाव कम हो जाएगा और क्रेमलिन को क्षेत्र के बड़े हिस्से पर अपनी पकड़ मजबूत करने का अवसर मिलेगा।

## नेपाल के उपराष्ट्रपति बने राम सहाय प्रसाद यादव

**काठमांडू।** नेपाल के उपराष्ट्रपति पद के लिए जनता समाजवादी पार्टी (जसपा) के राम सहाय प्रसाद यादव निर्वाचित हुए। यादव ने सीपीएन (यूएमएल) उम्मीदवार अष्टलक्ष्मी शाक्य और जनमत पार्टी उम्मीदवार ममता झा को हराकर जीत हासिल की। इससे पूर्व काठमांडू के न्यू बानेश्वर स्थित संसद भवन के मतदान केंद्र में सुबह 10 बजे से अपराह्न 03 बजे तक मतदान के बाद मतों की गिनती की गई।

चुनाव आयोग कार्यालय द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार राम सहाय यादव को 30 हजार 328 वोट मिले। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी सीपीएन (यूएमएल) की अष्टलक्ष्मी शाक्य को 16 हजार 328 मत मिले। जनमत पार्टी की ममता झा को 02 हजार 537 वोट मिले और जसपा की प्रमिला कुमारी को 48 वोट मिले। प्रमिला कुमारी पहले ही उम्मीदवारी वापस लेने की घोषणा कर चुकी थीं। उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित रामसहाय प्रसाद यादव को नेपाली कांग्रेस, सीपीएन (एमसी), सीपीएन (यूएस), जनता समाजवादी पार्टी (जसपा) और सत्तारूढ़ गठबंधन के स्वतंत्र सांसदों का समर्थन प्राप्त था। जबकि सत्ताधारी गठबंधन में शामिल जनमत पार्टी, नागरिक उन्मुक्ति और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने जनमत के उम्मीदवार झा का समर्थन किया। उपराष्ट्रपति के रूप में चुने गए रामसहाय बारा से प्रतिनिधि सभा के लिए चुने गए सांसद हैं। उनके उपराष्ट्रपति बनने के बाद यहां उपचुनाव होगा। उपचुनाव में इस सीट पर जसपा अध्यक्ष उपेंद्र यादव उम्मीदवार बनने की तैयारी में हैं।

## फिनलैंड की नाटो सदस्यता को तुर्किये की हरी झंडी, स्वीडन पर आपत्ति जारी

**अंकारा।** फिनलैंड को नाटो की सदस्यता दिलाने के अभियान में एक और सफलता मिली है। तुर्किये ने फिनलैंड की नाटो सदस्यता को हरी झंडी दिखाई है। इस बीच स्वीडन की नाटो सदस्यता पर तुर्किये की आपत्ति जारी है। अमेरिका ने फिनलैंड की नाटो सदस्यता पर तुर्किये के रुख का स्वागत करते हुए स्वीडन के नाटो प्रवेश की पुष्टि के लिए तुर्किये से कहा है।

यूक्रेन पर रूस हमले के बाद से स्वीडन और फिनलैंड को नाटो का सदस्य बनाने की प्रक्रिया तेज हुई थी। नाटो का सदस्य बनने के लिए सभी सदस्य देशों की सहमति जरूरी है। अब तुर्किये के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन ने फिनलैंड को नाटो का सदस्य बनाने पर अपनी सहमति दे दी है और फिनलैंड का नाटो सदस्यता आवेदन स्वीकार कर लिया है। फिनलैंड के राष्ट्रपति सौली निनिस्तो ने फिनलैंड की नाटो सदस्यता के आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने के फैसले का स्वागत किया। एर्दोगन ने निनिस्तो के साथ बैठक के बाद कहा कि तुर्किये ने अपनी संसद में नाटो में फिनलैंड की परिग्रहण प्रक्रिया की पुष्टि शुरू करने का फैसला किया है। निनिस्तो ने इस फैसले का स्वागत किया और इसे फिनलैंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण कहा। फिनलैंड रूस के साथ लंबी सीमा साझा करता है।

रूस के यूक्रेन पर आक्रमण



के जवाब में स्वीडन और फिनलैंड ने नाटो समझौते में शामिल होने के लिए पिछले साल आवेदन किया था लेकिन तुर्किये से अप्रत्याशित आपत्तियों का सामना करना पड़ा। स्वीडन और फिनलैंड लंबे समय से नाटो का सदस्य बनने की कोशिश कर रहे हैं। तुर्किये की आपत्ति के चलते स्वीडन का यह सपना पूरा नहीं हो पा रहा है। तुर्किये के खिलाफ कुर्दिस्तान वर्किंग पार्टी अलग देश की मांग को लेकर संघर्ष छेड़े हुए है। तुर्किये का आरोप है कि स्वीडन की सरकार कुर्दिस्तान वर्किंग पार्टी का समर्थन करती है। साथ ही तुर्किये की मांग है कि राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के आलोचकों को स्वीडन की सरकार निर्वासित करे। हालांकि स्वीडन अपनी संप्रभुता और बोलने की आजादी के अधिकार के चलते तुर्किये की इन मांगों को नहीं मान रहा है। यही वजह है कि तुर्किये, स्वीडन के नाटो का सदस्य बनने की राह में रोड़ा बन रहा है।  इस बीच अमेरिका ने फिनलैंड को नाटो की सदस्यता की राह साफ करने के तुर्किये के फैसले का स्वागत किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि स्वीडन और फिनलैंड दोनों मजबूत, सक्षम भागीदार हैं जो नाटो के मूल्यों को साझा करते हैं और गठबंधन को मजबूत करेंगे और यूरोपीय सुरक्षा में योगदान देंगे। फिनलैंड के बाद तुर्किये से स्वीडन के लिए भी नाटो की सदस्यता का पथ प्रशस्त करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों देशों को जल्द से जल्द नाटो का सदस्य बनना चाहिए।

## चीन के साथ त्रिपक्षीय संचार प्रक्रिया शुरू करने पर सहमत हुए जापान और दक्षिण कोरिया

**टोक्यो।** वैश्विक पटल पर चीन को लेकर घमासान थम नहीं रहा है। उत्तर कोरिया का मुकाबला कर रहे जापान और दक्षिण कोरिया शिखर वार्ता कर आपसी विवाद हल करने और चीन के साथ त्रिपक्षीय संचार प्रक्रिया शुरू करने पर सहमत हो गए हैं। इस बीच नौकाओं का पीछा कर जापानी सीमा क्षेत्र में चीनी जहाजों के घुसने से तनाव भी बढ़ा है। वहीं, चीन ने एक बार फिर दोहराया है कि ताइवान की आजादी के लिए कोई जगह नहीं है।  उत्तर कोरिया से लगातार बढ़ रहे तनाव के बीच दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल की जापान यात्रा दोनों देशों के बीच रिश्तों की दृष्टि से सकारात्मक मानी जा रही है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ हुई शिखर वार्ता में दोनों देशों के बीच नियमित यात्राओं को दोबारा शुरू करने और व्यापार विवाद को हल करने के लिए कदम उठाने पर सहमित बनी है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने दो देशों की सुरक्षा और आर्थिक रिश्तों को पुनर्निर्माण के लिए इसे एक बड़ा कदम बताया, क्योंकि दोनों देशों में




लंबे समय से शत्रुता रही है और वे इससे उबरने में जुटे हैं। बैठक में दोनों देशों के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न आयामों पर बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने अपने सुरक्षा संबंधों का नवीनीकरण किया। यून और किशिदा ने कहा कि दोनों देश चीन के साथ त्रिपक्षीय संचार प्रक्रिया को दोबारा शुरू करने पर सहमत हुए हैं।

चीन को लेकर जापान और दक्षिण कोरिया के बीच सहमति को लेकर जापान ने दावा किया कि पूर्वी चीन सागर में मछली पकड़ने वाली दो जापानी नौकाओं का पीछा करते हुए दो चीनी जहाजों ने सेनकाकू द्वीप के पास जापानी समुद्र में प्रवेश किया है। चीनी जहाजों ने कथित तौर पर  ताइशो द्वीप के प्रादेशिक जल में प्रवेश किया। इसे लेकर दोनों देशों के बीच एक बार फिर तनाव गहरा गया है।

## आईसीसी ने युद्ध अपराध के लिए पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया

**जिनेवा/मास्को/वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। उन पर यूक्रेन में युद्ध अपराध और वहां के बच्चों को अगवा कर रूस ले जाने का आरोप लगा है। रूस ने आईसीसी के इस फैसले पर आपत्ति जताई है। मगर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन समेत कई देशों ने इसका स्वागत किया है। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने इस फैसले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के निर्णय का हमारे देश से कोई मतलब नहीं है। इस निर्णय का न कोई कानूनी आधार है और न ही वैधता है। रूस इस फैसले को नहीं मानता है। रूस इस हेग स्थित अदालत को मान्यता भी नहीं देता है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि रूस कई अन्य देशों की तरह इस अदालत के अधिकार क्षेत्र को मान्यता नहीं देता है। इसलिए कानूनी दृष्टिकोण से अदालत का यह फैसला शून्य है। इस फैसले



पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने युद्ध अपराध किया है। वो फैसले का स्वागत करते हैं। कनाडा, पोलैंड और चेक रिपब्लिक समेत कई अन्य देशों ने भी फैसले का स्वागत किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी आईसीसी के इस फैसले की सरहाना की है। इस फैसले को जेलेंस्की ने 'ऐतिहासिक' बताया है।आईसीसी ने रूस की बाल अधिकार आयुक्त मारिया लावोवा-बेलोवा के खिलाफ भी वारंट जारी किया है। आईसीसी के अभियोजक करीम खान ने एक साल पहले यूक्रेन में संभावित युद्ध अपराधों, मानवता के खिलाफ अपराधों और नरसंहार की जांच शुरू की थी। उन्होंने यूक्रेन की चार बार यात्रा कर साक्ष्य जुटाए। आईसीसी ने कहा है कि पुतिन पर यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्रों से रूसी संघ में अवैध निर्वासन के युद्ध अपराध का आरोप है। यह अपराध कथित रूप से 24 फरवरी 2022 से यूक्रेनी कब्जे वाले क्षेत्र में किए गए है।

## अमेरिका से लड़ने के लिए उत्तर कोरिया के आठ लाख लोग सेना में भर्ती होने को तैयार

**सियोल।** दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास को रोकने के लिए उत्तर कोरिया हर रोज नए पैंतरे अपना रहा है। आईसीबीएम लॉन्च करने के एक दिन बाद ही उत्तर कोरिया ने बड़ा दावा किया है। कहा है कि उत्तर कोरिया के आठ लाख लोग अमेरिका के खिलाफ युद्ध के लिए खुद सेना में भर्ती होना चाहते हैं। किया जब दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए टोक्यो जाने



वाले थे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के तहत उत्तर कोरिया की बैलिस्टिक मिसाइलों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और लॉन्च ने सियोल, वाशिंगटन और टोक्यो में सरकारों से निंदा की है। उधर, उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने इस तनाव के लिए अमेरिका और दक्षिण कोरिया को जिम्मेदार ठहराया।

### ICBM को उत्तर कोरिया ने बताया था चेतावनी

उत्तर कोरिया ने कहा है कि गुरुवार को उसके द्वारा अंतरमहाद्विपीय बैलिस्टिक मिसाइल 'ह्वसोंगफो-17' का परीक्षण अमेरिका और दक्षिण कोरिया को एक 'सख्त चेतावनी' देने के लिए किया गया। उत्तर कोरिया ने एक बार फिर से अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच चल रहे युद्ध अभ्यास को उकसावे वाली गतिविधि बताई। कहा है कि 'दोनों देश बड़े पैमाने पर आक्रामक युद्धाभ्यास का आयोजन कर उसे उकसा रहे हैं।' बता दें कि उत्तर कोरिया ने ह्वसोंगफो-17 नाम की आईसीबीएम मिसाइल का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी ने कहा, 'अमेरिका और दक्षिण कोरिया के उन्मादी, उकसावे वाली एवं आक्रामक युद्धाभ्यास के जरिए कोरियाई प्रायद्वीप में अत्यधिक अस्थाई सुरक्षा का माहौल बनाया जा रहा है। इससे हालात काफी खराब हो गए हैं। यह डीपीआरके के खिलाफ है। इसे देखते हुए वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के सेंट्रल मिलिट्री कमीशन ने 16 मार्च को आईसीबीएम ह्वासोंगफो-17 का परीक्षण किया।उत्तर कोरिया कोरिया ने एक महीने के अंदर तीसरी बार किसी हथियार का परीक्षण किया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बैन हटने के बाद फेसबुक पर वापस लौटे, पहला पोस्ट किया- आई एम बैक

**मास्को।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रतिबंध हटाए जाने के बाद फेसबुक पर वापस लौट आए हैं। ट्रंप ने  पहला फेसबुक पोस्ट किया, 'आई एम बैक'। दरअसल, छह जनवरी, 2021 को हुए कैपिटल हिल दंगे पर भड़काऊ पोस्ट को लेकर मेटा ने डोनाल्ड ट्रंप के अकाउंट को निलंबित कर दिया था।

ट्रंप ने 12-सेकंड के एक वीडियो के साथ पोस्ट किया, 'मैं वापस आ गया हूं'। यह 2016 के चुनाव जीतने के बाद उनका विजय भाषण की तरह प्रतीत होता है। इस वीडियो में ट्रंप ने 2024 के चुनाव के लिए अपने अभियान को भी डालने की कोशिश की। वीडियो में ट्रंप ने अपना प्रसिद्ध 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का नारा डाला, जो उनके अंतिम सफल राष्ट्रपति अभियान के दौरान लोकप्रिय हुआ था। इस साल जनवरी में मेटा ने उनके अकाउंट को दोबारा बहाल करने की घोषणा की थी और फरवरी में मेटा ने ट्रंप के फेसबुक और




इंस्टाग्राम अकाउंट को बहाल कर दिया था। एनबीसी न्यूज ने बताया कि मेटा के नीति संचार निदेशक एंडी स्टोन ने इसकी पुष्टि की है।

अमेरिका की संसद पर 6 जनवरी 2021 को हुए हमले के बाद फेसबुक ने डोनाल्ड ट्रंप को बैन कर दिया था। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पोस्ट में दावा किया था कि 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर मतदान में धांधली हुई। इसके बाद ही फेसबुक ने हिंसा भड़काने के आरोप में डोनाल्ड ट्रंप के अकाउंट को निलंबित कर दिया था। ट्विटर ने भी डोनाल्ड ट्रंप पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन एलन मस्क के ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप के अकाउंट को फिर से बहाल कर दिया गया था।  यूट्यूब ने भी  डोनाल्ड ट्रंप के खाते को बहाल कर दिया। इसके साथ ही यूट्यूब ऐसा करने वाला लेटेस्ट और अंतिम सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म बन गया है। यूट्यूब के अंदरूनी सूत्रों ने ट्विटर पर कहा, आज से डोनाल्ड जे ट्रंप का चैनल अब प्रतिबंधित नहीं है और वह नए कंटेंट अपलोड कर सकते हैं। यूट्यूब ने कहा कि हमने चुनावों से पहले प्रमुख राष्ट्रीय उम्मीदवारों से मतदाताओं को समान रूप से सुनने के अवसर को संतुलित करते हुए, वास्तविक दुनिया में हिंसा के निरंतर जोखिम का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया। ट्रंप का चैनल यूट्यूब पर किसी भी अन्य चैनल की तरह हमारी नीतियों के अधीन बना रहेगा। गौरतलब है कि यूएस कैपिटल पर 6 जनवरी, 2021 के हमले के बाद ट्रंप के कई सोशल मीडिया अकाउंट को निलंबित कर दिया गया था। हाल ही में ट्रंप ने अमेरिका में 2024 के चुनाव के लिए राष्ट्रपति पद की दावेदारी के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है।

## पैन को आधार से 31 मार्च तक लिंक करना जरूरी : आयकर विभाग

**नई दिल्ली।** पैन कार्ड को आधार नंबर से जोड़ना अनिवार्य है। आयकर विभाग ने इसके लिए अंतिम समय सीमा 31 मार्च, 2023 तय की है। विभाग के मुताबिक समय सीमा गुजर जाने के बाद आधार कार्ड से लिंक नहीं किए गए व्यक्तिगत पैन कार्ड निष्क्रिय घोषित कर दिए जाएंगे।




आयकर विभाग ने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि आयकर अधिनियम-1961 के मुताबिक सभी पैन धारकों, जो छूट की श्रेणी में नहीं आते हैं, उनके लिए 31 मार्च 2023 से पहले अपने पैन कार्ड को आधार से जोड़ना अनिवार्य है। बयान के मुताबिक 1 अप्रैल 2023 से जो पैन आधार से नहीं लिंक होंगे, वे पैन कार्ड निष्क्रिय हो जाएंगे। विभाग ने लोगों से ट्वीट कर अपील की है कि पैन नंबर को आधार कार्ड से लिंक करने की आखिरी समय-सीमा बहुत नजदीक है। ऐसे में कृपया और देर न करें, आज ही अपने पैन को आधार से लिंक करें। गौरतलब है कि 31 मार्च, 2023 तक पैन को आधार से लिंक नहीं करने वालों को कारोबार और टैक्स संबंधी छूट का लाभ नहीं मिल पाएगा। वहीं, पैन निष्क्रिय होने पर बैंकों में 50 हजार रुपये से ज्यादा की रकम जमा और निकासी नहीं होगी। आयकर रिटर्न फाइल करने और सरकारी योजनाओं का फायदा लेने में परेशानी आएगी।